


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया | सम्पादकीय | ब्रिक्स सम्मेलन से आतंकवाद को... | अदाणी पावर ने 600 मेगावाट की विदर्भ स्थित... 5

वर्ष 17 अंक 159 | E-mail: dholpur@hotmail.com | धौलपुर, बुधवार 09 जुलाई 2025 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## अहमदाबाद विमान दुर्घटना : जांच दल ने प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी, मौत के कारणों पर खुलासा जल्द

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने मंगलवार को अहमदाबाद में 12 जून 2025 को हुई एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप दी। हिंदुस्तान टाइम्स ने इस बात को रिपोर्ट किया है। यह दुर्घटना, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई, भारत में पिछले तीन दशकों की सबसे घातक विमान दुर्घटना थी।



लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान के 32 सेकंड बाद ही अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 2 किलोमीटर दूर बी.जे. मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के हॉस्टल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक विश्वास रमेश, जीवित बचे। दुर्घटना में 241 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के अलावा, जमीन पर 19 लोगों की भी मौत हो गई।

प्रारंभिक रिपोर्ट, जो चार से पांच पेज की होने की संभावना है, में विमान,

चालक दल, अहमदाबाद हवाई अड्डे की स्थिति, और 12 जून को मौसम के विवरण शामिल हैं। इसमें दुर्घटना के संभावित कारणों, जैसे इंजन की खराबी, ईंधन आपूर्ति की समस्या, या दोनों इंजनों के बंद होने की जानकारी दी गई है। ब्लैक बॉक्स से प्राप्त कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण भी किया जा रहा है, जिसमें पायलटों ने टेकऑफ के तुरंत बाद मे-डे आपातकालीन कॉल जारी की थी, जिसमें कहा गया था, नो थ्रस्ट, मे-डे, मे-डे।

## देश में अब तक 254एमएम बारिश 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई।?

हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है। देहरादून में घरों में पानी घुस गया है।

## ट्रम्प ने 14 देशों पर टैरिफ लगाया, भारत शामिल नहीं

### जापान-साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत, म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी।



इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25त्न टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा।

उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे।

ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10त्न बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था।

पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है।

यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।

## बिहार में सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू राज्य की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा

### पहले दूसरे राज्य की महिलाओं को भी मिलता था

आर.एन.एस

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा।



पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35त्न आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार में पहली बार बिहार युवा आयोग का गठन होगा। चुनावी साल में बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय नीतीश सरकार ने लिया है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा था कि सरकार बनने पर वह युवा आयोग का गठन करेंगे।

**दिव्यांग के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना**

बिहार सरकार ने एक नई योजना शुरू की है, जिसका नाम दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना है। इसका लाभ दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगा।

हालांकि, ये सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें राज्य की किसी दूसरी सिविल सेवा तैयारी योजना से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में बीपीएससी या यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, तो उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपए और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।




## केरल हाईकोर्ट से लाइबेरियाई जहाज की जब्ती का आदेश, कहा- मुआवजा मिलने पर ही छोड़ें

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को लाइबेरियाई जहाज स्स्ष्ट अकीकेता 2 को जब्त करने का आदेश दिया। यह शिप लाइबेरियाई जहाज स्स्ष्ट एल्सा 3 का सहयोगी था, जो 25 मई को कोच्चि के तट पर डूब गया था। दोनों जहाज स्स्ष्ट मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी के हैं।

स्स्ष्ट एल्सा 3 डूबने से हुए पर्यावरणीय और आर्थिक नुकसान पर केरल सरकार ने 9531 करोड़ रुपए के मुआवजे की याचिका लगाई थी। साथ ही सहयोगी जहाज (स्स्ष्ट अकीकेता 2) के भारत से बाहर जाने की आशंका जताते हुए जहाज जब्त करने की मांग की थी।

इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि शिपिंग कंपनी जब तक मुआवजे की रकम जमा नहीं कर देती तब तक स्स्ष्ट अकीकेता 2 को जब्त रखा जाए। मामला सुलझने तक जहाज भारत से बाहर नहीं जा सकेगा।

केरल सरकार के मुताबिक जहाज डूबने के बाद निकले जहरीले पदार्थों की वजह से डॉल्फिन और व्हेल समेत कई समुद्री जीवों की मौत हुई। इस पर सरकार ने एडमिरल्टी (समुद्री दावों का अधिकार क्षेत्र और निपटान) एक्ट की धारा 4 के तहत मुआवजे की मांग की।

इसमें पॉल्यूशन के लिए ?8626 करोड़, पर्यावरण के लिए ?378.48 करोड़ और मछुआरों को हुए ?526.51 करोड़ का नुकसान शामिल है। ब्याज समेत मुआवजे की पूरी राशि ?9,531.11 करोड़ है।

कोर्ट ने अडानी विझिनजाम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को जहाज जब्त करने और उसकी सुरक्षा के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह आदेश माल की लोडिंग या अनलोडिंग में दखल नहीं करेगा। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई

## ट्रंप ने 59 दिनों में 21वीं बार किया मध्यस्थता का दावा, चुप्पी कब तोड़ेंगे प्रधानमंत्री - कांग्रेस

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा एक बार फिर किए जाने के बाद मंगलवार को सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि ट्रंप ने 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने के लिए मध्यस्थता का श्रेय स्वयं लिया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पिछले 59 दिनों में कम से कम 21वीं बार राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने मई में चार दिवसीय भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया, युद्ध परमाणु संघर्ष में बदलने वाला था, भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हुए क्योंकि अमेरिका के साथ व्यापार का मूलमंत्र उन्होंने ही इस्तेमाल किया था। दूसरे शब्दों में, उनका संदेश था- तुरंत युद्ध रोकें या अमेरिकी बाज़ार



(और संभवतः निवेश) खोने की वास्तविक संभावनाओं का सामना करें।' उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने यह ढिंढोरा तब पीटा जब वह यह भी घोषणा कर रहे थे कि भारत और पाकिस्तान के साथ एक अमेरिकी व्यापार समझौते की घोषणा जल्द ही होने वाली है।' रमेश ने सवाल किया, 'नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे जिन्हें कभी उनके वरिष्ठ सहयोगी घनश्याम तिवाड़ी ने 'भाजपा का ट्रंप कार्ड' कहा था ?' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बीते मई महीने में सैन्य संघर्ष को व्यापार समझौते के जरिए सुलझाया।

दूसरी तरफ भारत का कहना है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क किए जाने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर विचार किया गया।

## बंगाल में अराजकता चरम पर, महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता चिंताजनक - नड्डा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक कॉलेज की छात्रा से हुए दुष्कर्म मामले को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। दरअसल, भाजपा की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट जेपी नड्डा को सौंपी। इसे लेकर नड्डा ने %एक्स% एक पोस्ट भी साझा किया।



उन्होंने लिखा, %कोलकाता में विधि छात्रा के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए गठित भाजपा तथ्यान्वेषी दल की रिपोर्ट प्राप्त हुई। यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में अराजकता की चरम स्थिति और महिला सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की चिंताजनक असंवेदनशीलता को उजागर करती है। संदेशखली से लेकर आरजी कर अस्पताल और अब यह... पैटर्न वही है, जिसमें चुप्पी, निष्क्रियता और आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है।

इससे पहले कोलकाता पुलिस के अधिकारी बीते शुक्रवार को छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले गए थे। वहां पुलिस ने अपराध स्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया था। एक अधिकारी ने बताया था कि तीन मुख्य आरोपियों पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद को कॉलेज ले जाया गया। उनके साथ सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी भी मौजूद था।

## मराठी-हिंदी विवाद : रैली के लिए अनुमति दी गई लेकिन मनसे ने विशेष मार्ग पर जोर दिया - फडणवीस

आर.एन.एस

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की रैली के लिए पास के मीरा भयंदर में अनुमति दी गई थी, लेकिन पार्टी ने रैली के लिए एक विशेष रास्ते पर जोर दिया जबकि इससे कानून व्यवस्था के लिए मुश्किल उत्पन्न हो सकती थी। मनसे नेता संदीप देशपांडे ने हालांकि दावा किया कि सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है और पुलिस का उनकी रैली को अनुमति देने का कोई इरादा नहीं था।



अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मनसे के ठाणे और पालघर प्रमुख अविनाश जाधव और पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ताओं को मंगलवार को ठाणे के मीरा भयंदर इलाके में आयोजित रैली से पहले हिरासत में ले लिया। मराठी में बात नहीं करने पर एक 'फूड स्टॉल' मालिक को थप्पड़ जड़ने के विरोध में व्यापारियों के प्रदर्शन के जवाब में यह रैली आयोजित की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और मोर्चा की अनुमति नहीं देने को लेकर सरकार की आलोचना की। मीरा भयंदर इलाके में महाराष्ट्र एकीकरण समिति ने रैली का प्रस्ताव रखा था।

राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे के सदस्य राज्य में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और बैंकों में मराठी भाषा के उपयोग पर जोर दे रहे हैं।

फडणवीस ने इस मुद्दे पर महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, ''रैली आयोजित करने का कोई विरोध नहीं है। मुश्किल था जिस मार्ग के लिए अनुमति मांगी गई थी उसके लिए मंजूरी देना। पुलिस ने उनसे मार्ग बदलने का अनुरोध किया, लेकिन आयोजक एक खास मार्ग पर रैली आयोजित करने पर अड़े रहे।''

उन्होंने कहा, ''इससे यातायात बाधित हो सकता था या भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। ऐसी स्थिति में पुलिस समझाने और वैकल्पिक मार्ग देने की कोशिश करती है। हम लोकतंत्र में हैं, हर किसी को रैली करने का



## जालंधर में सतलज किनारे फ्लड प्रोटेक्शन एक्सरसाइज

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** जालंधर के फिल्लौर-लुधियाना रोड पर सतलुज दरिया के किनारे बसे गांव तलवंडी कलां में आज एक बड़ी बाढ़ सुरक्षा (फ्लड प्रोटेक्शन) एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का नेतृत्व डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने किया। इस दौरान सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पंजाब पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड और जिला प्रशासन के अन्य विभागों की टीमें भी शामिल रहीं।

अभ्यास का मकसद बाढ़ जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों को परखना और आपसी तालमेल को मजबूत करना था।

डीसी बोले- प्रशासन हर तरह से तैयार

इस मौके पर एसडीएम लाल विश्वास बैंस और फौज व जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एक्सरसाइज के दौरान बाढ़ की स्थिति में राहत व बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया गया और आपसी समन्वय पर जोर दिया गया।

डीसी हिमांशु अग्रवाल ने कहा- सतलुज दरिया के आसपास के इलाकों को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच तालमेल जरूरी है।

पंजाब और आसपास के राज्यों में हो रही भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2-3 दिनों तक कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। खासतौर पर जालंधर, लुधियाना, होशियारपुर और अमृतसर में बादल छाए रहेंगे और तेज़ हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

## यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट, सिर में गंभीर चोट लगी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी ङ्कङ्क पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, एस्कॉर्ट कर रही गाड़ी के ड्राइवर के हाथ में चोट लगी है।



हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। ष्टरूह्र डॉक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की स्नञ्ज कराई जा रही है।

दरअसल, मंत्री गुलाब देवी मंगलवार दोपहर दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रही थीं। उनकी ङ्कङ्क के आगे पुलिस जीप चल रही थी। पिलखुआ थाना क्षेत्र में छिजारसी टोल प्लाजा के पास पुलिस जीप के आगे चल रही प्राइवेट गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाया। इसलिए पुलिस जीप के ड्राइवर को भी ब्रेक लगाना पड़ा। लेकिन मंत्री की एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। गुलाब देवी कार में पीछे बैठी थीं। उनका सिर गाड़ी से टकराया। इससे वह घायल हो गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मंत्री को स्कॉर्पियो में बिठाकर टोल प्लाजा से करीब एक किमी दूरी पर स्थित रामा अस्पताल में भर्ती कराया

## छांगुर बाबा की 3 करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

आर.एन.एस

नई दिल्ली। यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की 40 कमरों वाली आलीशान कोठी पर 5 बुलडोजर चल रहे हैं। बलरामपुर में सुबह 10-50 बजे से अब तक 20 कमरे और एक कमरे में बड़े हाल की छत ढहाई जा चुकी है।

एटीएस का दावा है, छांगुर बाबा यहीं से धर्मांतरण का नेटवर्क चलाता था। हालांकि यह कोठी उसकी महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है। बाबा ने ही नीतू का धर्मांतरण करके उसे नसरीन नाम दिया था।

यह कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है। 3 बीघा जमीन पर करीब 3 करोड़ से बनाई गई थी। इसमें 10 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था। इस पर रात को करंट दौड़ाई जाती थी, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके। मेन गेट से कोठी तक जाने के लिए 500 मीटर की प्राइवेट रोड बनी हुई है।

मंगलवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम कोठी पर पहुंची तो मेन गेट पर ताला लगा था। डीएम पवन अग्रवाल की निगरानी में अफसरों की निगरानी में ताला तोड़कर टीम अंदर गई। घर के एक-एक कमरे की तलाशी ली गई। भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात है।

## कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा मंगलवार को जयपुर से निवाई किवाड़ा श्रीराम महायज्ञ में जाते समय चाकसू बायपास पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अवधेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, निवाई विधायक राम सहाय वर्मा और टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र वीर सिंह चौहान का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। निमोडिया के युवा भाजपा नेता कन्नू बैरवा सहित ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री को समस्याओं से अवगत कराया। बाबूलाल शर्मा दयापुरा, श्याम शर्मा, राजू चौधरी, श्रीराम शर्मा, हनुमान बैरवा, गणेश नारायण शर्मा, राम लखन शर्मा , देवेंद्र निमोडिया, अश्वनी जैन व राधा मोहन जांगिड़ सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोस्टर का किया विमोचन



**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ चाकसू।** अभिनव शैक्षिक एवं सामाजिक विकास संस्थान की ओर से चाकसू में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह का विमोचन केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने किया। पूर्व राज्य मंत्री विकेश खोलिया ने आठवले को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए भी आमंत्रित किया। खोलिया ने संघ के इंद्रेश कुमार एवं बीजेपी राजस्थान प्रभारी राधामोहन अग्रवाल को भी समारोह में निमंत्रित किया। गौरतलब है कि समारोह में बोर्ड कक्षा 12 में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उर्मिला रैगर सहित 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

## चातुर्मास में धर्म आराधना का शुभारंभः साध्वी मणिप्रभा श्रीजी का संघ सहित प्रवेश



### मकराना मार्बल से निर्मित नवीन जिनालय में होगा रोज प्रवचन, गुरु पूर्णिमा पर दादा गुरुदेव की होगी बड़ी पूजा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** मकराना के सवा लाख घन फुट सफेद मार्बल से निर्मित गलता गेट स्थित नवीन ऋषभ जिन प्रासाद मोहनबाड़ी जैन मंदिर परिसर में मंगलवार को साध्वी मणिप्रभा श्रीजी आदि ठाणा– 13 का चातुर्मासिक प्रवेश हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रावकजन मौजूद रहे। संघ अध्यक्ष पदमचंद पुगलिया और संघ मंत्री देवेंद्र मालू ने बताया कि रोजाना प्रवचन के साथ ही अन्य कार्यक्रम होंगे। साध्वी मणिप्रभा ने आर्शीवचन में कहा कि जैसे हर मौसम में जीवन शैली बदलती है उसी प्रकाश सावन आने पर मन में तपस्या, धर्म आराधना की रुचि जागृत होती है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में जैन संस्कारों को जीवित रखने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। चातुर्मास संयोजक सुशील मूसल ने बताया कि दस जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मौके पर दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा एवं गौतम प्रसादी का आयोजन होगा। देशभर से श्रद्धालु शिरकत करेंगे। इस दौरान समाजसेवी विमल चंद जी सुराना, आशा गोलछा, छत्तीसगढ़ से जीवदया प्रेमी नरेश डाकलिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जैन श्वेतांबर खरतरगछ संघ जयपुर की युवा–महिला शाखा ने व्यवस्था संभाली। संघ की तरफ से खरतरगछ महिला परिषद की नई गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष भावना मालू और सचिव माला बैगानी ने भी संबोधित किया।

## रोटरी क्लब कोटा ने किया रक्त जागृति अभियान का शुभारम्भ, 216 यूनिट रक्त एकत्रित

### 12 संस्थानों में लगे रक्तदान शिविर, पूरे वर्ष चलेगा सेवा प्रकल्प

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा ।** रोटरी क्लब कोटा द्वारा मंगलवार को रक्त जागृति अभियान का शुभारंभ रोटरी बिनानी सभागार से किया गया। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि क्लब अध्यक्ष मनोज सोनी, संदीप चांदीवाला, प्रद्युम्न पाटनी ने हरी झंडी दिखाकर रक्त वाहिनी को रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष भर शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से जोड़ना है। प्रोजेक्ट निदेशक संजय जैन एवं अमित ठाकुर ने बताया कि पहले चरण में अभियान के तहत कोटा के 12 प्रतिष्ठित संस्थानों में जाकर रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इन संस्थानों में न्यायिक कर्मचारी संघ कार्यालय कोर्ट परिसर, मैगपाई स्कूल, अन्नपूर्णा पब्लिक स्कूल, बुल फिटनेस जिम, ट्रिम इंजीनियरिंग सर्विसेज, कॉन्ट्राइव इंस्ट्रुमेंटेशन प्राइवेट लिमिटेड, भामाशाह मंडी, ई-सरल, प्रकाश स्पोर्ट्स, स्पर्धा आईएएस अकेडमी , पायस फूड इंडिया (कैलोरी), गोदावरी धाम पर शिविर लगाए गए। जहां आमजन को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। क्लब सचिव नीरज अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर रात 8 बजे तक चला। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिनमें कुल 216 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। जो कई ज़िंदगियों को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।कोषाध्यक्ष उमेश गोयल ने जानकारी दी कि क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष स्व. हरीश अग्रवाल चांदीवाला के सुपुत्र संदीप जी चांदीवाला का विशेष सहयोग रहा।



# ऋतु शोधन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पंचकर्म विभाग द्वारा निःशुल्क बस्ति कर्म शिविर का शुभारंभ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में शरीर की शुद्धि, वात दोषों के शमन एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि हेतु ÷ऋतु शोधन कार्यक्रम÷ के अंतर्गत दिनांक 11 जुलाई 2025 से 19 अगस्त 2025 तक निःशुल्क बस्ति कर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर का शुभारंभ 08 जुलाई, मंगलवार को संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सलाहकार कौस्तुभ उपाध्याय ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा की जन-जागरूकता एवं जन-स्वास्थ्य संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। पंचकर्म विभाग द्वारा आयोजित यह बस्ति कर्म शिविर, जनसामान्य को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रभावी लाभ प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने बताया कि बस्ति कर्म, पंचकर्म चिकित्सा की एक प्रमुख एवं प्रभावशाली विधि है, जो विशेष रूप से वर्षा ऋतु में अत्यंत प्रभावकारी मानी जाती है। यह चिकित्सा शरीर की शुद्धि, वात दोष के शमन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह क्रिया आंतों की सफाई का प्राकृतिक व आयुर्वेदिक तरीका है। बस्ति कर्म चिकित्सा से हमें कई स्वास्थ्य के लाभ होते है जिनमें मुख्यत वात दोष में नियंत्रण, पाचन तंत्र की सफाई, कब्ज, जोड़ों के दर्द, लकवा, वातरोग, गठिया, कमरदर्द आदि में लाभकारी, रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) में वृद्धि, त्वचा रोग, मानसिक विकार, नाड़ी विकार आदि में सहायक होता है। वर्षा ऋतु को बस्ति कर्म के लिए सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है, क्योंकि इस समय वात दोष प्रबल होता है और शरीर को शुद्ध करने की आवश्यकता होती है। बस्ति कर्म न केवल रोग निवारण का माध्यम है, बल्कि यह रोगों की रोकथाम एवं संपूर्ण स्वास्थ्य रक्षा की एक सशक्त आयुर्वेदिक प्रणाली है। यह चिकित्सा केवल योग्य आयुर्वेद चिकित्सक की देखरेख में ही करवाई जानी चाहिए।

इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों की देखरेख में रोगियों को निःशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा प्रदान की जाएगी। संस्था द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इस आयुर्वेदिक उपचार का लाभ उठाने की अपील की गई है। इस अवसर पर डॉ. किरण, डॉ. वैभव, डॉ. मिलिंद के साथ संस्थान के कार्यकारी परिषद् (ई.सी.) के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# भारत में रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) के प्रति जागरूकता और टीकाकरण की सख्त जरूरत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत के मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटे बच्चों में तेजी से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी- रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। यह एक ऐसा वायरस है, जो पाँच साल से छोटे बच्चों और नवजातों के सीने में इन्फेक्शन करता है, और बहुत तेजी से फैलता है, यानि छोटे बच्चों के यह फेफड़ों में संक्रमण का बड़ा कारण बनता है। आरएसवी को अक्सर लोग मामूली मौसमी सर्दी-खाँसी समझ बैठते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि हर साल दुनिया भर के पाँच साल से कम उम्र के करीब 36 लाख बच्चों को इसके कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और करीब 1 लाख बच्चों की जान चली जाती है। भारत में हर साल लगभग 2.5 करोड़ बच्चों का जन्म होता है, जिससे इस बीमारी का बोझ हमारे देश पर भी काफी भारी पड़ता है। खासतौर पर, मानसून और सर्दी की शुरुआत में तो हालात और बिगड़ जाते हैं, जब नवजात शिशु आईसीयू (एनआईसीयू) में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरएसवी का असर सिर्फ बीमार या कमजोर बच्चों पर नहीं होता, बल्कि कई बार बिल्कुल स्वस्थ और समय पर जन्मे बच्चों को भी ऑक्सीजन या वेंटिलेटर की जरूरत पड़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि माता-पिता और डॉक्टर दोनों ही इस वायरस को लेकर सतर्क रहें और जो बचाव के तरीके उपलब्ध हैं, उनके बारे में जागरूक रहें, ताकि मासूम बच्चों की ज़िंदगी को इस खतरनाक वायरस से बचाया जा सके। भारतीय पीडियाट्रिक्स एकेडमी (आईएपी) के मौजूदा नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. वसंत एम. खलटकर ने कहा, ÷आरएसवी आज भी छोटे बच्चों की सेहत के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। हाथ धोने जैसे सफाई के उपाय जरूरी हैं, लेकिन एक साल से छोटे बच्चों के लिए सिर्फ ये ही काफी नहीं होते। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जो लंबी अवधि तक असर करने वाले मोनोक्लोनल एंटीबॉडी (एमएबी) को लेकर सिफारिश की है और भारत में अब ये उपाय उपलब्ध हो रहे हैं, तो हमारे पास अब नन्हें बच्चों को आरएसवी से बचाने के लिए बेहद जरूरी साधन मौजूद हैं। अब तक जिन बच्चों को संक्रमण का ज्यादा खतरा होता था (हाई-रिस्क शिशु), उन्हें पालिविज़ुमैब नाम की दवा दी जाती थी, जो आरएसवी सीज़न में एक ही बार दी जाती है और पूरे सीज़न तक असर करती है। लेकिन, अब नर्सेवीमैब नाम की नई दवा उपलब्ध है, जो सिर्फ एक बार देने से पूरे सीज़न तक बच्चों को आरएसवी से बचा सकती है। यह एक लम्बी असर करने वाली एंटीबॉडी है, जो इस क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति मानी जा रही है। इसे बच्चे के जन्म के थोड़े समय बाद या फिर नियमित चेकअप के दौरान दिया जा सकता है। ऐसे बचाव के उपाय आरएसवी से जुड़ी अस्पताल में भर्ती होने की नौबत को काफी हद तक कम कर सकते हैं और बच्चों को ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर दिक्कतों से बचा सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि बचाव के उपायों को अपनाने के साथ-साथ समय पर जानकारी मिले और माता-पिता भी इसमें सक्रिय रूप से भाग लें, तभी हम भारत में आरएसवी के असर को कम कर सकेंगे। सैनोफी के इंटरनेशनल रीजन मेडिकल हेड डॉ. सीज़र मास्केरेनस ने कहा, हम लंबे समय से ऐसे वैज्ञानिक उपायों पर काम कर रहे हैं।

# मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए स्पीकर बिरला

## जनभावना के अनुरूप स्टेडियम के पुनर्विकास की कार्ययोजना के दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार सुबह बसंत विहार स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पहुंचे और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्थानीय नागरिकों व खेलप्रेमियों से संवाद किया और स्टेडियम के जीर्णोद्धार व विकास को लेकर सुझाव भी लिए।

बिरला ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प के साथ इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देना होगा । यदि हम अपने शहर को स्वछ और हरा-भरा बनाना चाहते हैं तो स्वछता और पौधारोपण हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। यही कारण है कि जब भी इस मौसम के दौरान कोटा आता हूं, रोज़ पौधारोपण मेरी दिनचर्या का हिस्सा होता है। बिरला ने कोटा विकास प्राधिकरण, नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनभावना के अनुरूप स्टेडियम परिसर के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए और तय समय-सीमा में कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का केंद्र है और स्थानीय नागरिकों के लिए एक अहम सार्वजनिक स्थान है, जिसे आधुनिक सुविधाओं से सुसजित किया जाना जरूरी है। उन्होंने वॉकिंग ट्रैक, खेल मैदान, बैडमिंटन कोर्ट, पवेलियन, ओपन जिम, जिम्नेजियम, बैठने की व्यवस्था, शौचालय और पेयजल जैसी मौजूदा सुविधाओं का निरीक्षण किया और उनकी सफाई, मरम्मत व सुधार के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने बिरला से क्षेत्र की समस्याएं साझा कीं, जिन पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग विकास की प्रक्रिया में सहभागी बनें और अपने सुझाव व मांगें खुलकर रखें। बिरला ने कहा कि खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शहर में ऐसे सार्वजनिक स्थलों का संरक्षण और सुधार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास को सार्थक दिशा मिलती है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसुइया गोस्वामी, कोटा नागरिक बैंक के उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, पार्षद रेखा गोस्वामी व पी डी गुप्ता, ध्यानचंद स्टेडियम विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, सदस्य जगमोहन गौतम, ब्रजेश शर्मा, रवि ब्रजवानी, नरेंद्र विजय, सत्यनारायण शर्मा, कृष्ण गोपाल माहेश्वरी, सुरेश काबरा, प्रेमचंद बाटला, प्रदीप गोयल, सत्येंद्र तिवारी, कैलाश गौतम, रमेश चंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में आमजन, सामाजिक कार्यकर्ता, खेलप्रेमी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्व. मदनलाल गुप्ता की स्मृति में निःशुल्क आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली ।** कस्बे के राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में मंगलवार को एक दिवसीय आयुर्वेद एवं होमियोपैथी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की समस्त व्यवस्था स्व. मदनलाल गुप्ता की स्मृति में उनके परिजन डॉ. नेहा गुप्ता व नवीन गुप्ता द्वारा की गई। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मदन लाल शर्मा, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. सुधा शर्मा एवं होमियोपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ. संजय चौधरी ने अपनी सेवायें प्रदान की। विनोदी लाल शर्मा, रविकान्त शर्मा, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र वर्मा, राकेश व देवकी शर्मा ने औषधी व्यवस्था सम्भाली। शिविर में 164 रोगियों ने आयुर्वेद तथा 153 रोगियों में होमियोपैथी चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया। रोगियों की सुविधा के लिये रक्तचाप तथा शुगर परीक्षण की भी व्यवस्था की गई। षिविर में बी लाल लैब द्वारा निःषुल्क जांचें की गई। कार्यक्रम के अन्त में पौधा वितरण किया गया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों को वस्त्र एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। स्व. मदन लाल गुप्ता की धर्मपत्नी सारिका गुप्ता, पुत्रवधु पुनम गुप्ता, पौत्र पार्थ गुप्ता व पौत्री प्रीषा गुप्ता, कमल गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस दौरान स्व. मदनलाल गुप्ता के परिवार ने औषधालय परिसर में पौधारोपण किया।

# कशिश वर्मा ने ताइक्वांडो एशिया कप में जीता गोल्ड




हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धावास।** अजमेर रोड, जयपुर स्थित निशि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कशिश वर्मा ने नेपाल के पोखरा में आयोजित आठवीं एशिया कप ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिताह्र 2025 में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतकर अपने देश, प्रदेश तथा जिले का नाम रोशन किया है

यह गोल्ड मेडल कोच सुरेंद्र सिंह के सानिध्य में जीता गया है विद्यालय निदेशक कृष्णा सिंह ने छात्रा कशिश वर्मा को साफा एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मान किया !

## राजस्थान में वसुंधरा राज का भव्य प्रवेश; जयपुर में खोला अपना तीसरा स्टोर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत की विरासत को समकालीन अंदाज़ में पेश करने वाला लक्ज़री ज्वेलरी ब्रांड, वसुंधरा राज अब जयपुर में अपने पहले स्टोर के लॉन्च के साथ एक नया अध्याय शुरू कर रहा है। परंपरा में रचा-बसा और आधुनिकता की सहज झलक लिए यह ब्रांड हमेशा से ही जयपुर की भव्य वास्तुकला, शाही विरासत और ज्वेलरी बनाने की सदियों पुरानी परंपरा से प्रेरणा लेता रहा है। इस स्टोर के लॉन्च के साथ, वसुंधरा राज ने अपने डिज़ाइन विज़न को एक ऐसे रिटेल स्पेस के जरिए साकार किया है, जो उनके अनोखे सौंदर्यबोध को बखूबी दर्शाता है। इस स्टोर को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को एक निजी और भावनात्मक अनुभव पेश करे, जहाँ पुराने ज़माने की शान और आधुनिक सादगी का सुंदर मेल देखने को मिलता है। दीवारों पर हाथ से बनी पिचवाई आर्ट की कोमलता और राजा रवि वर्मा की पेंटिंग्स से प्रेरित कलाकृतियाँ इस जगह को एक अद्भुत कलात्मक रूप देती हैं। ब्रांड की फाउंडर और क्रिएटिव डायरेक्टर वसुंधरा राज ने कहा, ÷जयपुर हमारे लिए हमेशा से ही प्रेरणा का स्रोत रहा है। इसकी सांस्कृतिक गहराई, हस्तशिल्प की परंपरा और डिज़ाइन की समझ ने हमारे सभी कलेक्शंस को और भी खूबसूरत बना दिया है। वैशाली नगर को आधुनिक जयपुर के रूप में माना जाता है, ऐसे में यहाँ अपना पहला स्टोर शुरू करना हमारे लिए एक बेहद भावनात्मक पल है।÷ दिल्ली, नोएडा और अब जयपुर के बाद वसुंधरा राज की योजना भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और कारोबारी क्षेत्रों में बढ़ने की है। आने वाले महीनों में ब्रांड नोएडा के साथ-साथ मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, लखनऊ, कोयंबटूर और चंडीगढ़ जैसे शहरों में भी अपने स्टोर लॉन्च करेगा।

## विधायक का अभिनंदन, पौधरोपण किया



**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ चाकसू ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वार्ड न 13 के क्रमोन्नत होने पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर विधायक का अभिनंदन किया गया। विधायक ने नव क्रमोन्नत कक्षाओं का शुभारंभ कर पौधरोपण भी किया। प्रधान उगनता देवी, उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा, अधिशासी अधिकारी डॉ. बनवारी लाल मीणा , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुनीता शर्मा, अतिरिक्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक तंवर, नोडल प्रिंसीपल रामलाल मीणा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कृष्णा सैनी, वरिष्ठ पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा पूर्व पार्षद मेहराज खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पिताजी श्री हरि सिंह राजपूत के नाम से गाड़ी नंबर आरजे 25 यूए 3541 पंजीकृत है मेरे पिताजी की मृत्यु उपरांत उक्त वाहन मेरे नाम पंजीकृत करना चाहता हूं किसी को आपत्ति हो तो साथ दिवस के भीतर जिला परिवहन कार्यालय सवाई माधोपुर को सूचित करें

जितेंद्र सिंह
s/o हरि सिंह राजपूत

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
आदेश 5 के नियम 1 और 5
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड
आनन्द भारद्धाज वगैरह बनाम कृष्ण वगैरह
वाद बाबत तकास्मा एंव स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं0

बनाम
1- रज्जो देवी पत्नि स्व0 हीरा
2- कृपा पुत्री स्व0 हीरा
3- हंसराज पुत्र स्व0 हीरा
समस्त जाति गुर्जर, निवासी केशवाना राजपूत, तहसील कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान

वादीगण ने आपके विरूद्ध वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 14.7.25 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपंसजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी वारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें ।

आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद तारीख 7.7.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली,
जिला कोटपूतली-बहरोड

# अंतिम पायदान के व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से समर्पित – सीएम भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति-हर परिवार को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उनकी सेवा करना हमारी सरकार का सर्वोच्च ध्येय है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा इसी दिशा में हमारा एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरे समर्पण और निष्ठा से काम कर रही है। शर्मा मंगलवार को बीकानेर में श्रीडूंगरगढ़ के गुसांईसर बड़ा गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर के अंतर्गत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान से ही देश-प्रदेश का समग्र विकास संभव है। उनकी इस भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने वंचितों को वरीयता देते हुए अपनी नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा इसी रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाड़े के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में किसान, युवा, महिला एवं मजदूर सहित सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। इन शिविरों में नामांतरण, बंटवारे, रास्ते के प्रकरण, पशु टीकाकरण, पानी टंकियों की सफाई, लीकेज मरम्मत, बिजली के झूलते तारों का दुरूस्तीकरण जैसे कई जरूरत के काम तत्परता से किए जा रहे हैं। जिनसे आमजन को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं आसानी से मिल रही हैं। शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास तेजी से कर रही है। महिला कल्याण को प्रमुख प्राथमिकता देते हुए नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ो प्रोत्साहन योजना, मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना आदि के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। हमने डेढ़ वर्ष के अल्प कार्यकाल में 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी है और लगभग 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में पेपरलीक का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है।

### किसानों के कल्याण के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड और किसान सम्मान निधि जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाया। साथ ही, किसानों की मांग के अनुरूप मूंगफली की खरीद के लिए निर्धारित समय को भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए हम रामजल सेतु लिंक परियोजना (ईआरसीपी) और यमुना जल समझौता पर तेजी से कार्य कर रहे हैं। साथ ही, हमने इंदिरा गांधी और गंगनहर परियोजना के विकास कार्य के लिए भी 4 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं, हम किसानों को वर्ष 2027 तक दिन के समय में बिजली उपलब्ध कराने के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

# बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



» धौलपुर..प्रशिक्षण लेते बीएलओ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में नगर परिषद धौलपुर सभागार में मंगलवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ 51 से 100 तक के बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उद्घाटन प्रथम सत्र में उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने बीएलओ से निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का आह्वान किया और इसे राष्ट्रीय हित का कार्य बताया। उन्होंने आगामी समय में मतदान सूचियों के गहन निरीक्षण के बारे में भी बताया और कहा कि बीएलओ को घर-घर जाकर गणना पत्र भरवाने का कार्य करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ की भूमिका, दायित्व, 6, 6क, 7, 8 नम्बर फार्म भरने, बीएलओ रजिस्टर तैयार करने, नजरी नक्शा, केस स्टडी, बीएलओ एप, और वीएचए के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रैनर डीएलएमटी अतुल चौहान, देवेंद्र बघेला, बालमुकुंद बंसल, श्याम बघेला के दक्ष प्रशिक्षक दल ने प्रशिक्षण दिया एवं बीएलओ की जिम्मेदारियां सहित मुख्य बिंदुओं पर बीएलओ को अवगत कराया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय के बृजमोहन कुलश्रेष्ठ, पुनीत, ऋषि, मनीष चुनाव एवं स्वीप सेल के भगवान सिंह मीना सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा, पार्वती नदी पर पुलिया बनवाने की मांग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** ग्राम आरी से तसीमों के बीच में पार्वती नदी पर पुलिया बनवाने की मांग को लेकर पंचायत समिति सैंपऊ सदस्य दीप सिंह कुशवाह ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा। मंत्री को सौंपे गये ज्ञापन में बताया कि ग्राम आरी की मडईया से तसीमों की दूरी मात्र 1 किमी है। जिसके बीच में पार्वती नदी बहती है। पार्वती नदी में गढ़ी चटौला के पास एनीकट बनने से नदी में पानी भरा रहता है जिससे निकलने में बच्चे, मरीज, ग्रामवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों द्वारा जान को जोखिम में डालकर खटोला के नीचे ट्यूब लगाकर नदी पार करती पड़ती है, जिससे कई बार हादसा भी चुका है। इस रास्ते से ग्राम आरी, मडईया, भूरा का पुरा, पंछी का पुरा, मठ गोस्वामी, रामचरन का पुरा, बघेला का पुरा, नुनहेरा, बरुअर का पुरा, नीमखेड़ा, पाय का पुरा, बिलौनी, गुरर्जा, कोलुआ, डोयले का पुरा, मठ आदि गांव के लोगों का सम्पर्क तसीमो से जुड़ा हुआ है।

# स्वामी शिवानन्द आश्रम मचकुण्ड पर गुरु पूर्णिमा से सात दिवसीय वैदिक संस्कार शिविर का शुभारम्भ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान संस्कृत अकादमी और श्री जगद्गुरु शंकराचार्य वेद विज्ञान शोध संस्थानम के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थराज मचकुण्ड स्थित स्वामी शिवानन्द आश्रम पर डॉ. लता श्रीमाली निदेशक राजस्थान संस्कृत अकादमी के निर्देशन में एक सप्त दिवसीय वैदिक संस्कार शिविर का आयोजन आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रारम्भ किया जायेगा जो कि सात दिन तक अर्थात 16 जुलाई तक चलेगा।

स्वामी शिवानन्द महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रारम्भ होने वाले इस शिविर में प्रतिभागियों को गणपति पूजन विधि, हवन यज्ञ, जप, वास्तु, तर्पण, ज्योतिष और पंचांग का प्रशिक्षण प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा दिया जायेगा। यह शिविर प्रतिदिन अपरान्ह 2.30 बजे से 4.30 बजे तक तीर्थराज मचकुण्ड स्थित स्वामी शिवानन्द आश्रम पर आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये इच्छुक समय पर आकर पंजीयन कराते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# चोरी के ट्रैक्टर को पुलिस ने 5 महीने बाद किया बरामद



» बाड़ी... पुलिस थाना परिसर में रखी बरामद ट्रैक्टर-ट्रॉली

## एक अपचारी सहित दो आरोपी भी किये गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने 5 महीने पूर्व शहर के तुलसीपुर से चोरी गई ट्रैक्टर और ट्रॉली मामले में जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद किया है वही चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों सहित एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।

कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि 2 फरवरी की रात शहर के तुलसी वन रोड निवासी संजय गर्ग व्यापारी का ट्रैक्टर ट्राली चोरी हुआ था। जिसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज की गई थी। पुलिस लगातार ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले में प्रयास कर रही थी। ऐसे में जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है साथ में एक अपचारी को निरुद्ध करते हुए दो आरोपी देवा उर्फ हंसा और चंदू को गिरफ्तार किया है।

# गहलोत आज जो सलाह दे रहे हैं उन पर उन्हें स्वयं को भी करना चाहिए था अमल : मदन राठौड़

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जनहितैषी कार्यों को देखकर विचलित हो रहे हैं। गहलोत आज जो सलाह दे रहे है, अगर वे स्वयं उन सलाह पर अमल करते तो राजस्थान की जनता कांग्रेस के कुशासन में ?पीड़ित नहीं होती और उन्हें कुर्सी से बेदखल नहीं होना पड़ता। काश उनके ज्ञान की बत्ती उस समय जल चुकी होती। गहलोत जिस इंटेलीजेंस के उपयोग की बात कर रहे है, इन्होंने उस इंटेलीजेंस का किस कदर दुरूपयोग किया, ये प्रदेश की जनता से छीपा हुआ नहीं है। अपने नेताओं की फोन टेपिंग से लेकर अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने ही नेताओं को गालियां देने की इंटेलीजेंसी गहलोत ने दिखाई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम के आगे बार बार पंडित शब्द लगाकर गहलोत द्वारा संबोधित करने पर कहा कि पंडित विद्वता का द्योतक है, अच्छा लगा कि गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विद्वता को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि बजरी माफिया अशोक गहलोत और कांग्रेस सरकार की देन है।

भाजपा सरकार में बजरी माफियाओं पर नकेल डालने के प्रयास हुए है। बजरी के अवैद्य खनन को रोकने के लिए कांग्रेस राज से लंबित ठेकों को जारी कर भाजपा सरकार ने एक ओर रोजगार देने का काम किया तो दूसरी ओर सरकारी खजाने में राजस्व बढ़ाने का भी कार्य किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत और डोटासरा को भाजपा की चिंता छोड़कर स्वयं के घर को संभालना चाहिए। जहां उनके अनुसार नकारा और निकम्मे लोग भरे है। भाजपा को राजस्थान की जनता ने जन सेवा का जो अवसर दिया है उसके लिए सरकार और संगठन के कार्यकर्ता प्राण प्रण से कार्य कर रहे है। यहीं कारण है कि विधानसभा के उपचुनाव हो या पंचायतराज और निकायों के उपचुनाव जनता ने भाजपा पर भरोसा किया है। इसी लिए राजस्थान की जनता कहती है कि भजनलाल है तो भरोसा है।

# देशमुख सिंह को मिली पीएचडी उपाधी



**धौलपुर।** एमएसजे राजकीय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य देशमुख सिंह को महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रदान की गई है। शोधार्थी एवं सहायक आचार्य देशमुख सिंह ने अपना शोध कार्य इफैक्ट ऑफ इंडस्ट्रियल एफलुएंटस आन ग्राउन्ड वाटर क्वालिटी ऑफ रीको रीजन भरतपुर एवं धौलपुर डिस्ट्रिक राजस्थान पर प्रो. मनोज कुमार सिंह प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बाड़ी के निर्देशन तथा प्रो. मगन प्रसाद सेवानिवृत आचार्य (रसायन शास्त्र) एम.एस. जे. राजकीय महाविद्यालय भरतपुर के सहनिर्देशन में पूर्ण किया है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय समस्त गुरुजनों, माता-पिता एवम् परिवार को दिया है। अपने शोध कार्य में डा. सिंह ने रीको क्षेत्र धौलपुर, भरतपुर एवम् बयाना क्षेत्र के भूमिगत जल पर उद्योगों के द्वारा निकलने वाले वाहित मल के होने वाले विपरीत प्रभावो का अध्ययन किया है।

# मालवाहक ट्रक से डीजल व टायरों की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मनियां थाना पुलिस ने मालवाहक ट्रक से डीजल व टायरों की चोरी करने में वांछित टॉप-10 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मनियां थानाधिकारी रामनरेश मीणा के नेतृत्व में मुकदमे में कार्यवाही करते हुए 12 अप्रैल की रात्रि को एक मालवाहक ट्रक से डीजल व टायरों की चोरी करने में वांछित टॉप -10 अपराधी अजीत पुत्र राजेन्द्र सिंह जाति गुर्जर उम्र 29 साल निवासी जलालपुर को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से चोरी हुए माल की बरामदगी के संबंध में अनुसंधान जारी है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन जारी, यहां होगें अगले शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** राज्य सरकार सभी वर्गों युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है।

जिला कलक्टर ने बताया कि 9 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत मांगरौल के अटल सेवा केन्द्र में, जलालपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत अजीतपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, पंजूपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कुरैंधा के अटल सेवा केन्द्र में, पिपहेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत धौंध के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा

# राजकीय महाविद्यालय मे प्रथम वर्ष प्रवेश की वरीयता व प्रतीक्षा सूची जारी

**बाड़ी।** शहर के गर्वमेंट पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए वरीयता व प्रतीक्षा सूची सोमवार को जारी की गई है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की प्रथम वरीयता सूची व प्रथम प्रतीक्षा सूची जारी की है जिसमें शामिल विद्यार्थी महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन करवाने के बाद ई मित्र पर या एसएसओ आईडी के माध्यम से डीसीई पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा करा सकते हैं। जो चयनित विद्यार्थी 11 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन कर फीस जमा नहीं करा पाते है वे डिफॉल्टर हो जायेंगे।ऐसे में सभी स्टूडेंट आवश्यक रूप से निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश ले। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम प्रवेश सूची 14 जुलाई को जारी की जाएगी।

## स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक प्रशिक्षण कक्षायें कल से शुरू

**धौलपुर।** महाविद्यालय के स्नातक भूगोल प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय-डयू, तृतीय वर्ष एवं एमए प्रीवियस एवं फाइनल कला संकाय के स्वयंपाठी विद्यार्थियों की भूगोल विषय की प्रायोगिक प्रशिक्षण कक्षायें महाविद्यालय में 10 जुलाई 2025 से प्रारम्भ हो रही है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीना ने बताया कि प्रायोगिक प्रशिक्षण सभी स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिये अति आवश्यक है और सभी स्वयंपाठी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आकर समय सारणी अनुसार कक्षायें लेना भी अनिवार्य है। साथ ही अपनी प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क रसीद की प्रति साथ लेकर आवें।

## गीता महाकुंभ में जुटेंगे देशभर के गीता मनीषी

**जयपुर।** शिव शक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर एवं श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में घोषणा की कि 11 से 19 दिसंबर तक राजस्थान की पुण्यभूमि पर मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह 9 दिवसीय महायज्ञ सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा। यज्ञ में शास्त्रोक्त नियमों का पालन किया जाएगा। देसी नस्ल की गोमाता का घृत और शुद्ध हवन सामग्री का उपयोग किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

# सांसद भजनलाल जाटव आज आयेंगे, रेलवे स्टेशन का करेंगे निरीक्षण

**धौलपुर।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव एवं सदस्य स्थायी ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, परामर्श दात्री समिति -जल शक्ति मंत्रालय बुधवार को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात करेंगे एवं प्रातः 10 बजे धौलपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्य का निरीक्षण करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस महासचिव धनेश जैन ने दी।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर।** 11 केवी फीडर हाउसिंग बोर्ड पर मरम्मत व रख-रखाव कार्य होने के कारण 9 जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि आदर्श नगर, बाड़ी रोड़, दारा सिंह, हाउसिंग बोर्ड, जिला परिषद, मंगल विहार, पुलिस लाइन, महिंद्रा एप्स, रुंध, हुंडावाल रोड़, सैंपऊ रोड एवं मयूरी विहार सम्बन्धित क्षेत्रों की 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# जोगेन्द्र सिंह राना राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत



**धौलपुर।** महाराज सूरजमल वैलफेयर फाउण्डेशन के राष्ट्रीय संयोजक अनिल चौधरी ने जोगेन्द्र सिंह राना एड. को सामाजिक कार्यों में रुचि व सहभागिता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। राना राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मनोनीत होने पर सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से संगठन के प्रति कार्य करेंगे और महाराजा सूरजमल की वीर गाथाओं का प्रचार प्रसार करते हुए महाराजा सूरजमल वेलफेयर फाउण्डेशन का विस्तार करेंगे।

# भाजपा नेता पारीक ने की नवनियुक्त डीजीपी शर्मा से शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** भाजपा नेता व अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव आलोक पारीक ने पुलिस हेडक्वार्टर पहुंच कर नवनियुक्त डीजीपी राजीव शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। पारीक ने वर्तमान में पुलिस के कार्यशैली के बारे में विचार विमर्श किया और बताया कि डीजीपी शर्मा बहुत सरल स्वभाव व्यक्तित्व के धनी हैं तथा उनकी कार्यशैली काफ़ी अच्छी है जो राजस्थान पुलिस के लिए बहुत अच्छी साबित होगी।

# हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे राहत–जोराराम कुमावत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए पूरी तरह से संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए कार्य किया जा रहा है। मंत्री कुमावत ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई के दौरान कहा कि सरकार की ओर से आमजन को राहत देने के लिए जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है।

सुनी समस्याएं, किया निर्देशित

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में प्रदेशभर से लोग पहुंचे। जनसुनवाई में शिक्षा, चिकित्सा, जल आपूर्ति, पेंशन, सड़क निर्माण, प्रशासनिक सेवाओं सहित अनेक विषयों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। केबिनेट मंत्री ने हर आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कई प्रकरणों में तुरंत कार्रवाई की पहल कर दी गई। हर सोमवार, मंगलवार व बुधवार को नियमित रूप से होने वाली जनसुनवाई प्रदेश में संवेदनशील सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। जनसुनवाई में भी बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और समस्याओं के समाधान को लेकर आश्वस्त नजर आए।

इस दौरान विधायक जयदीप बिहाणी, विधायक प्रताप सिंह सिंघवी एवं जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने मंत्री जोराराम कुमावत से शिष्टाचार भेंट की। कुमावत ने इन जननेताओं से क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्राथमिक आवश्यकताओं एवं जनसमस्याओं की जानकारी दी। सभी विषयों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

# संपादकीय

## ब्रिक्स सम्मेलन से आतंकवाद को लेकर मोदी का संदेश, चीन और पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी




ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस समूह के महत्त्व समेत कई अहम मसलों पर चर्चा की गई, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा आतंकवाद का था। इस मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनुपस्थित रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में आभासी माध्यम से ही शामिल हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी को एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया और कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। आतंकियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में किसी भी देश को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन के लिए भी एक नसीहत के रूप देखा जा रहा है। पाकिस्तान जहां आतंकवाद को खाद-पानी देता है, वहीं चीन ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई पाकिस्तानी आतंकियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। इससे इन दोनों देशों की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। पाकिस्तान दुनिया को यह दिखाने का प्रयास करता है कि वह खुद आतंकवाद से पीड़ित है, मगर दूसरी ओर वह आतंकियों को प्रशिक्षित कर उन्हें भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। ब्रिक्स देश एक 'बहुध्रुवीय विश्व' के लिए जोर दे रहे हैं, जहां शक्ति अधिक बंटी हुई हो। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ब्रिक्स सम्मेलन से अनुपस्थित रहना चौंकाने वाला है। जिनपिंग के सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है कि वे इस सम्मेलन से दूर रहे। वह भी तब, जब वे ब्रिक्स समूह को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के खिलाफ एक आर्थिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं। भू-राजनीतिक मामलों के लिहाज से देखें तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि ब्रिक्स के हालिया विस्तार ने चीन के लिए इसके वैचारिक मूल्य को कम कर दिया है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि चीन, अमेरिका के साथ व्यापार संघर्ष के कारण घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और जिनपिंग इन दिनों घरेलू अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उलझे हुए हैं। बहरहाल, ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के अलावा, मानवीय मूल्यों पर आधारित कृत्रिम मेधा, अमेरिकी शुल्क, मानवता के विकास के लिए शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण के मसले पर भी चर्चा हुई। इसमें दोराय नहीं कि ब्रिक्स देशों को अपनी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक आज दुनिया विवादों और संघर्षों से जूझ रही है, ब्रिक्स जैसे समूहों की प्रासंगिकता और भी अहम हो जाती है। मगर, वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। कथनी और करनी के बीच अंतर खत्म करना होगा। साथ ही ब्रिक्स देशों को एकजुट होकर उन प्रयासों का पुरजोर समर्थन करना होगा, जो दुनिया को आतंकवाद, विभाजन व संघर्ष से दूर और संवाद, सहयोग व समन्वय की ओर ले जाए।

सुबह होते ही सूरज निकलने के साथ सारी चिड़िया चहचहाने लगती है और जिंदगी अपने सफर के लिए निकल पड़ती है। रात्रि में भी रोजी-रोटी के लिए काम करने वालों को छोड़ दें, तो शायद हममें से ज्यादातर लोग सुबह उठ जाते होंगे और उठने के कुछ पल बाद ही हाथ में फिर मोबाइल आ जाता होगा। अंगुलियां मशीनी ढंग से मोबाइल पर चलने लगती होंगी। साथ ही रील पर रील निकलती जाती होगी। कभी हास्य, कभी नृत्य, कभी अधकचरा ज्ञान हमारे समय के कांटे को आगे खींचता जाता है। सुस्ताने में मग्न मन बीते कल की आदतों की पुनरावृत्ति कर रहा होता है, दूसरी ओर आने वाले कल के अवसाद और घबराहट की स्थिति अचानक मुंह उठाए सामने खड़ी हो जाती है।

# सकारात्मकता के रथ पर सवार, आज की समय में बदलाव का दृढ़ संकल्प रखने के साथ शुरूआत की जरूरत



आज अगर हम अपने जीवन में कोई सकारात्मक कदम उठाएंगे, तो उसकी सफलता पाने का पैमाना कल नहीं है। कल कभी आज के बारे में सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। आज सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। हम आज प्रयास करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता के पथ पर बढ़ते जाएंगे। सिर्फ मन को मजबूती से आदेश देने की जरूरत है। सुबह होते ही सूरज निकलने के साथ सारी चिड़िया चहचहाने लगती है और जिंदगी अपने सफर के लिए निकल पड़ती है। रात्रि में भी रोजी-रोटी के लिए काम करने वालों को छोड़ दें, तो शायद हममें से ज्यादातर लोग सुबह उठ जाते होंगे और उठने के कुछ पल बाद ही हाथ में फिर मोबाइल आ जाता होगा। अंगुलियां मशीनी ढंग से मोबाइल पर चलने लगती होंगी। साथ ही रील पर रील निकलती जाती होगी। कभी हास्य, कभी नृत्य, कभी अधकचरा ज्ञान हमारे समय के कांटे को आगे खींचता जाता है। सुस्ताने में मग्न मन बीते कल की आदतों की पुनरावृत्ति कर रहा होता है, दूसरी ओर आने वाले कल के अवसाद और घबराहट की स्थिति अचानक मुंह उठाए सामने खड़ी हो जाती है। रात को दोहराए हुए प्रेरणास्पद और उत्साह जगाने वाले संकल्प न जाने कहां गुम हो जाते हैं। रोजमर्रा की समस्याओं का अंबार सामने चुनौती की तरह नजर आने लगता है। लगने लगता है कि बीता हुआ कल ही सत्य है। जो आज है, वह असत्य है। इसके बाद फिर हमारे बीते हुए कल से भी केवल नकारात्कता का संदेश ही मिल पाता है। उधर लोग भी पुरानी स्मृतियों के कारण हमें गंभीरता से नहीं लेते हैं तो हम और कुंठित हो जाते हैं। हम बार-बार कभी गुस्से में, कभी उत्साह जगाने वाली बातों से ओतप्रोत जीवन बदलने का दृढ़ संकल्प लेते हैं, लेकिन हमेशा से मन का नकारात्मक प्रतिरूप फिर से हमें अंधकार में धकेल देता है। फिर मन आसान और पलायन वाला रास्ता चुनकर, सारी चुनौतियों को आने वाले कल पर छोड़कर निश्चिंत हो जाता है, जो हमारे जीवन में न तो कभी आया है और न ही कभी आ पाएगा। मन भी क्या करे? उसका काम ही यह है कि वह हमारे विचारों के आधार पर ही जीवन को दिशा देता है। दरअसल, कल का इस दुनिया के वर्तमान में कोई अस्तित्व नहीं होता है। जो भी होता है, आज ही होता है। गलत आदतों और आलस्य में रचे-बचे होने के कारण व्यक्ति का बदलना बहुत मुश्किल हो जाता है, श्रम करने में परेशानी होती है। आदत कैसी भी हो, अच्छी या बुरी, वह हमारे अंदर एक ढांचा या तौर-तरीका पैदा करती है। जैसे ही समान स्वरूप वाली समस्याएं सामने आती हैं, शरीर पुराने ढांचे में बने होने के कारण उसी तरह व्यवहार करता है। आलस्य से भरा है तो वह आलस्य के ही निर्देश जारी करता है। क्रोध से भरा है तो क्रोध का ही व्यवहार करने लग जाता है। इसलिए यहां एक तथ्य समझने की जरूरत है कि आज बीता हुआ कल नहीं है। कल जो आदतें यंत्रवत होने के कारण बार-बार दोहराने में आ रही थी, जीवन बार-बार नकारात्मक पैमाने पर चल रहा था, लेकिन आज हमने एक बदलाव के दृढ़ संकल्प रखने के साथ शुरूआत की है, कुछ नई सकारात्मक आदतों का प्रारंभ करने का निश्चय किया है, तो उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ शुरू करना चाहिए। प्रारंभ में बहुत तकलीफ हो सकती है। मन बार-बार वहां से भागने को कह सकता है। आदत होने के कारण शरीर बार-बार नकारात्मक दिशा में भागेगा भी। पर हम एक मजबूत इरादे के साथ खड़े होंगे और साथ ही यह दोहराएंगे कि आज, सबसे अलग है, आज बीता हुआ कल नहीं है। जो हम कल नकारात्मक आदतों के साए में जी रहे थे, वह एक आदतवश जिए जा रहे थे। आज, आज है। आज सबसे अलग है। बहती हुई गंगा का जल भी कल जैसा नहीं है। वह आगे निकल गया है। प्रवाह में नए जल ने उसकी जगह ले ली है। सच यह है कि आज हम भी कल जैसे नहीं है। हमारे साथ एक दृढ़ संकल्प की चेतना का प्रादुर्भाव हुआ है। हमारे विचारों ने एक नई दिशा पकड़ी है। हम सकारात्मकता के रथ पर सवार हैं। सिर्फ हम अपने आज को छोटी-छोटी बेहतर आदतों का दामन पकड़ कर चलते रहें। कल की नकारात्मक स्मृतियों से थोड़ी परेशानी आएगी। पुरानी आदत के खिलाफ जाते ही मन बहुत विरोध करेगा। बार-बार लगेगा कि बीता हुआ कल ही सबसे बड़ा सच है। लेकिन जैसे ही आज हम एक संकल्प के साथ नई आदतों की शुरूआत करेंगे! कई बार हम अपने आपको न बदलने के कारण मन को बहुत मजबूत समझते हैं, हमें प्रतीत होता है कि हमसे नहीं हो पाएगा। हमारी नकारात्मक आदतें बहुत मजबूत है। हम बहुत कमजोर है। कल की पुरानी स्मृतियां हमेशा हमारे मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी स्मृतियां बार-बार यह संदेश देगी कि पहले भी बहुत बार किया पर हम असफल रहे, लेकिन हम भूल जाते हैं कि आज, आज ही है। आज अगर हम अपने जीवन में कोई सकारात्मक कदम उठाएंगे, तो उसकी सफलता पाने का पैमाना कल नहीं है। कल कभी आज के बारे में सटीक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। आज सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। हम आज प्रयास करेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता के पथ पर बढ़ते जाएंगे। सिर्फ मन को मजबूती से आदेश देने की जरूरत है। मन हमारे निर्देश पर ही चलता है, इसलिए गुलाम है, उसे हम स्वामी न बनाए। अगर हम आज मजबूती से डटे रहे, आज अपनी नई आदतों का सुचारु रूप से पालन करते रहे तो मन झट से आत्मसर्मपण कर देगा। इसलिए बस आज का ध्यान रखना चाहिए। बदलने के लिए सिर्फ आज ही महत्त्वपूर्ण है, आज हम बदले, तो हमारी दुनिया का बदलना निश्चित है।

# दलाई लामा से घबराया चीन, तिब्बत और विश्व में बौद्ध नेता की लोकप्रियता का प्रमाण

चिनफिंग का अगला निशाना दलाई लामा के अगले अवतार की खोज पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण स्थापित करना है जिससे तिब्बती जनता पर वर्तमान दलाई लामा की मृत्यु के बाद उसके सरकारी दलाई लामा का नियंत्रण हो लेकिन यूरोपीय संघ अमेरिकी सरकार और मानवाधिकार संगठनों के विरोध ने चीन की राह में रोड़े अटका दिए हैं। आजकल दलाई लामा अंतरराष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में हैं। छह जुलाई को जन्मतिथि से तीन दिन पहले धर्मशाला में अपनी दीर्घायु के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में दलाई लामा ने घोषणा की कि दलाई लामा के पुनर्जन्म की तिब्बती परंपरा उनके बाद भी कायम रहेगी और उनके नए अवतारी बालक को खोजने का एकमात्र अधिकार और जिम्मेदारी तिब्बती धर्म संस्था 'गंदेन-फोड्रांग' के पास रहेगी। उन्होंने चीनी दावों को चुनौती देते हुए कहा कि किसी गैर तिब्बती और बाहरी शक्ति को इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है। दलाई लामा के इस बयान से बौखलाए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस खोज और नियुक्ति का अधिकार दलाई लामा का नहीं, बल्कि केवल चीन सरकार का है और अगले दलाई लामा की खोज एक स्वर्ण कलश में डाले गए नामों में से लाटरी के आधार पर होगी। इससे दलाई लामा, उनके पुनर्जन्म की परंपरा और तिब्बत पर दुनिया का ध्यान फिर से केंद्रित हो गया। विश्व बिरादरी के मन में यह उत्सुकता है कि आखिर एक निहत्थे, बूढ़े और शरणार्थी धर्मगुरु में ऐसा क्या है कि इतनी बड़ी सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति नए अवतारी बच्चे पर कब्जा जमाने के लिए क्यों पगलाई हुई है? यहां केवल दो मूल बातों को समझना होगा। एक तो यह कि तिब्बत की धार्मिक-सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था में दलाई लामा को सर्वोच्च धार्मिक गुरु और शासक का दर्जा प्राप्त है। तिब्बत में दलाई लामा की मृत्यु के बाद अगले शासक और धर्मगुरु की जिम्मेदारी किसी चुनाव या पारिवारिक विरासत के आधार पर नहीं तय होती। उनके नए अवतार को इस पद पर बिठाया जाता है। वर्तमान दलाई लामा इस परंपरा में 14वें हैं। माना जाता है कि दलाई लामा और दूसरे सिद्ध लामाओं में अपने अगले जन्म के बारे में फैसला करने और उससे जुड़े पूर्वानुमानों की शक्ति होती है। हर बड़ा लामा अपने अगले अवतार के बारे में विस्तृत जानकारी छोड़ जाता है। बाद में इस जानकारी और कुछ अन्य अनुष्ठानों की मदद से अन्य लामा उस काल में पैदा हुए सैकड़ों बच्चों में से सही अवतार को खोज लेते हैं। तिब्बत और चीन के पुराने ऐतिहासिक संबंधों में दसवें दलाई लामा की खोज के समय चीन के मंचू राजा ने तिब्बत में इस विषय पर खड़े विवाद को एक स्वर्ण कलश में पर्चियां डाल कर लाटरी के माध्यम से तय किया था। बाद में चीन पर 1912 में विदेशी मंचू शासन की समाप्ति होने पर वहां चीनी शासन स्थापित हुआ, जिसे 1949 की हिंसक कम्युनिस्ट क्रांति में माओ ने पलट दिया। सत्ता में आने के तुरंत बाद माओ की सेना ने उसी साल ईस्ट तुर्किस्तान (शिनजियांग) और 1951 में तिब्बत पर कब्जा करके चीन को विशाल विस्तार दे दिया। वर्तमान दलाई लामा को 1959 में तब भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी, जब चीनी कब्जे के खिलाफ तिब्बती जनता के जन उभार को चीनी कम्युनिस्ट शासन ने बेरहमी से कुचल डाला। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों के अनुसार इस अभियान में चीनी सेना ने एक पखवाड़े में ही 80 हजार से ज्यादा तिब्बती नागरिकों की हत्या कर डाली थी। 1959 के बाद से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, चीनी सेना और चीन सरकार तिब्बती जनता को अपने वश में करने और दलाई लामा के प्रभाव को खत्म करने के लिए वहां हर तरह के हथकंडे अपना चुकी है। 1987 और 1989 के तिब्बती जनांदोलन में चीनी शासकों को यह देखकर बहुत सदमा लगा कि दो पीढ़ियों के बाद भी तिब्बती युवाओं में तिब्बती धर्म, दलाई लामा और तिब्बती आजादी की ललक बनी हुई है। तब से चीनी नेता तिब्बती धर्म पर भीतर से कब्जा करने की नीति पर चल रहे हैं। इस नीति के तहत सभी अवतारी लामाओं की खोज और उनको गद्दी पर बिठाने का पूरा नियंत्रण चीनी कम्यनिस्ट पार्टी के नियंत्रण वाली बौद्ध कमेटियों के हाथ में है। 2008 में बीजिंग ओलिंपिक के समय तिब्बती जनता के विद्रोह में दिखी दलाई लामा की लोकप्रियता के बाद तो चीन सरकार के इस अभियान ने बहुत गति पकड़ ली। 2012 में शी चिनफिंग द्वारा सत्ता पर काबिज होने के बाद तो इस अभियान ने तिब्बत में सांस्कृतिक-संहार का रूप ले लिया। दलाई लामा से जुड़े लोगों और संस्थाओं से फोन या इंटरनेट के जरिये संपर्क बनाने और यहां तक कि घर या अपने मोबाइल में दलाई लामा का फोटो रखने को भी 'राष्ट्रद्रोह' मानते हुए कम से कम सात साल की जेल सजा का प्रविधान है। तिब्बती बौद्ध धर्म को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति आस्थावान बनाने की चिनफिंग की घोषणा के बाद तो अधिकांश तिब्बती इलाकों से ऐसी हर मूर्ति को नष्ट किया जा चुका है, जो गांव या शहर के घरों से ऊंची दिखने वाली थी। कम्युनिस्ट राष्ट्रवाद के नए अभियान के तहत तिब्बती परिवारों से पांच साल से बड़े लाखों बच्चों को जबरन अलग करके उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी के ऐसे हास्टल-स्कूलों में डाल दिया गया, जहां न केवल तिब्बती भाषा बोलने-पढ़ने पर पाबंदी, बल्कि माता-पिता से मिलने की सीमित अनुमति भी महीनों बाद मिलती है। इस दमनकारी अभियान से चिनफिंग और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी को पूरी उम्मीद है कि तिब्बतियों की अगली पीढ़ी केवल शक्ल से तिब्बती होगी, दिल दिमाग से पूरी तरह चीनी होगी। चिनफिंग का अगला निशाना दलाई लामा के अगले अवतार की खोज पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण स्थापित करना है, जिससे तिब्बती जनता पर वर्तमान दलाई लामा की मृत्यु के बाद उसके सरकारी दलाई लामा का नियंत्रण हो, लेकिन यूरोपीय संघ, अमेरिकी सरकार और मानवाधिकार संगठनों के विरोध ने चीन की राह में रोड़े अटका दिए हैं। चीन के भीतर चीनी सेना, कम्युनिस्ट पार्टी और व्यापारी वर्ग में चिनफिंग के खिलाफ बढ़ते जा रहे विरोध की खबरों ने पहले से ही चीनी राष्ट्रपति के लिए चिंता पैदा की हुई है। दलाई लामा की इस घोषणा ने भी चिनफिंग के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है कि वह 130 साल की उम्र तक जिएंगे। अब दुनिया की रुचि यह देखने में है कि पहले दलाई लामा इस दुनिया से जाएंगे या चीन से कम्युनिस्ट शासन की विदाई होगी?

यह एक ऐसा क्रिकेट मैच था, जिसमें कीर्तिमानों की झड़ी लग गई। विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की जीत सचमुच ऐतिहासिक है, क्योंकि इससे पहले भारत ने यहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। मगर भारत के नए और युवा खिलाड़ियों की टीम की असीम ऊर्जा के आगे इंग्लैंड बुरी तरह लड़खड़ा गया। उत्साह से लबालब खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी कर जिस तरह से बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा है, उसे मेजबान देश हमेशा याद रखेगा।

# इंग्लैंड को हराना भारतीय टीम के हौसले की जीत, इस मैच में लगी कीर्तिमानों की झड़ी



बर्मिंघम में शानदार विजय से साबित हो गया कि हमारे पास अब एक समर्थ टीम है। आमतौर पर विदेशी धरती पर पिच की प्रकृति के मुताबिक ही खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद का रुख, फिर उसी से जीत-हार की दिशा भी तय होती है। यह एक ऐसा क्रिकेट मैच था, जिसमें कीर्तिमानों की झड़ी लग गई। विदेशी सरजमीं पर भारतीय टीम की जीत सचमुच ऐतिहासिक है, क्योंकि इससे पहले भारत ने यहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। मगर भारत के नए और युवा खिलाड़ियों की टीम की असीम ऊर्जा के आगे इंग्लैंड बुरी तरह लड़खड़ा गया। उत्साह से लबालब खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी कर जिस तरह एक तरह से बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा है, उसे मेजबान देश हमेशा याद रखेगा। यह कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के कौशल का ही परिणाम था कि भारत ने इंग्लैंड को 336 रनों से हरा कर एजबेस्टन में जीत का झंडा लहरा दिया। इस दौरान हर भारतीय खिलाड़ी का प्रदर्शन देखने लायक था। शुभमन ने जहां एक पारी में 269 तो दूसरी पारी में 161 रन बनाए। उनका यह प्रदर्शन इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वे विदेश में छब्बीस वर्ष से भी कम उम्र में टेस्ट मैच जीतने वाली टीम के सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए हैं। इससे पहले सुनील गावस्कर ने सबसे कम उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। शुभमन दसवें ऐसे बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा है। एक कीर्तिमान यह भी बना कि एजबेस्टन में भारत की पहली बार जीत हुई। इससे पहले यहां नौ मुकाबलों में उसे आठ में हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा, यहां जीत हासिल करने वाली यह पहली एशियाई टीम भी बन गई है। रनों के मामले में भी विदेशी धरती पर भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारत ने 318 रन बना कर जीत को अपने खाते में डाला था। दूसरी ओर गेंदबाज आकाश दीप ने दस विकेट झटक कर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर को और भी चमकदार और सुनहरा बना दिया है। दरअसल, बर्मिंघम में शानदार विजय से साबित हो गया कि हमारे पास अब एक समर्थ टीम है। आमतौर पर विदेशी धरती पर पिच की प्रकृति के मुताबिक ही खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद का रुख, फिर उसी से जीत-हार की दिशा भी तय होती है। मगर एजबेस्टन में भारतीय टीम ने दिखाया कि दमखम के साथ-साथ पिच से तालमेल बिठा कर कैसे अपने पांव टिकाए जाते हैं और दांव जीता जाता है।

इस राज्य में 45 लाख परिवार सस्ता अनाज ले रहे थे। जब उनसे केवाईसी कराने को कहा गया तो पात्र लाभार्थी काफी कम निकले। करीब 31 लाख लोग भ्रष्ट तौर-तरीकों का सहारा लेकर अपात्र होते हुए भी केंद्र सरकार की सस्ता अनाज योजना का लाभ उठा रहे थे। इससे बड़ी विडंबना और चिंता की बात कोई नहीं कि जो लोग गरीबी रेखा से नीचे नहीं थे वे भी मुफ्त अनाज ले रहे थे। जिन लाखों लोगों ने केवाईसी नहीं कराई उनके बारे में इस नतीजे पर पहुंचना स्वाभाविक है कि वे अपात्र थे।

# फर्जी लाभार्थियों पर लगाम, केवाईसी पर देना होगा ध्यान



यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए और बार-बार नहीं होनी चाहिए लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए। लोगों की पहचान और उनके दस्तावेजों की पुष्टि करने वाली प्रक्रिया कितनी लाभकारी सिद्ध हो रही है, इसका पता पंजाब में लाखों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों के सामने आने से चल रहा है। इस राज्य में 45 लाख परिवार सस्ता अनाज ले रहे थे। जब उनसे केवाईसी कराने को कहा गया तो पात्र लाभार्थी काफी कम निकले। करीब 31 लाख लोग भ्रष्ट तौर-तरीकों का सहारा लेकर अपात्र होते हुए भी केंद्र सरकार की सस्ता अनाज योजना का लाभ उठा रहे थे। इससे बड़ी विडंबना और चिंता की बात कोई नहीं कि जो लोग गरीबी रेखा से नीचे नहीं थे वे भी मुफ्त अनाज ले रहे थे। जिन लाखों लोगों ने केवाईसी नहीं कराई उनके बारे में इस नतीजे पर पहुंचना स्वाभाविक है कि वे अपात्र थे। यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी सरकारी सुविधा अथवा रियायत या राहत का अनुचित लाभ उठाया जा रहा हो। इस तरह के मामले अन्य अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं में भी सामने आते रहे हैं। इन मामलों के सामने आने से इसी आवश्यकता को बल मिलता है कि प्रत्येक योजना के लाभार्थियों की केवाईसी कराई जानी चाहिए। किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड समेत अन्य अनेक मामलों में केवाईसी होती है। उचित यह होगा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को केवाईसी से जोड़ा जाए ताकि सरकारी सहायता और सुविधा का लाभ उन्हीं लोगों को मिल सके जो उसके अधिकारी हैं। इसका कोई औचित्य नहीं कि जो पात्र नहीं यानी सक्षम हैं, वे किसी भी सरकारी सुविधा-सहायता का अनुचित लाभ उठाएं। ऐसा इसलिए नहीं होना चाहिए, क्योंकि केंद्र एवं राज्य सरकारें सैकड़ों करोड़ रुपये की सब्सिडी देती हैं। इस सब्सिडी का दुरुपयोग भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं। कई बार इस भ्रष्टाचार में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होते हैं। निश्चित तौर पर नेता लोग भी शामिल होते हैं और इसीलिए वे यदाकदा केवाईसी को अनावश्यक एवं जटिल भी करार देते हैं। यह निरा झूठ है और एक तरह से भ्रष्टाचार की अनदेखी भी। इसका अनुमान लगाना कठिन है कि फर्जी लाभार्थियों ने कितनी बड़ी धनराशि अनुचित रूप से हासिल की होगी। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की जेब में गया होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अपने देश में भ्रष्टाचार के नियंत्रित न हो पाने का एक बड़ा कारण भ्रष्ट नेता, अधिकारी एवं कर्मचारी भी हैं। कई बार आम लोग भी भ्रष्ट तौर-तरीके अपनाने में संकोच नहीं करते। यह ठीक है कि अनावश्यक केवाईसी नहीं होनी चाहिए और बार-बार नहीं होनी चाहिए, लेकिन कुछ योजनाओं और सुविधाओं में तो अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। यह आवश्यक हो गया है कि सिम कार्डधारकों की केवाईसी के साथ ही उसे आधार से जोड़ने का काम इस तरह से हो ताकि कोई भी फर्जी नाम से सिम न लेने पाए।



# वर्ल्ड कप जैसे दबाव में खेलते हैं टेनिस खिलाड़ी - विराट कोहली

### प्लेयर्स की मानसिक मजबूती काबिल-ए-तारीफ, जोकोविच का मैच देखने गए थे



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेनिस खिलाड़ियों की मानसिक ताकत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि टेनिस खिलाड़ी जिस तरह हर हफ्ते दबाव में खेलते हैं, वह भारत के वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले या नॉकआउट मैचों के दबाव जैसा होता है।

विंबलडन देखने लंदन पहुंचे कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ थे और उन्होंने पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज से बातचीत में ये बातें कहीं।

टेनिस प्लेयर में दबाव अच्छे से हैंडल करते हैं विराट कोहली ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, जब हम वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं या सेमीफाइनल-फाइनल जैसे बड़े मैच होते हैं, तो पैरों में कांप महसूस होती है। लेकिन टेनिस खिलाड़ी शायद क्वार्टरफाइनल से लेकर फाइनल तक हर मैच में ऐसा दबाव झेलते हैं। उन्होंने कहा कि टेनिस खिलाड़ियों की फिटनेस और मानसिक मजबूती काबिल-ए-तारीफ है।

क्रिकेट और टेनिस में अंतर कोहली ने बताया कि क्रिकेट और टेनिस दोनों के अपने-अपने चैलेंज होते हैं। क्रिकेट में कभी-कभी बहुत देर तक इंतजार करना पड़ता है कि आपकी बल्लेबाजी कब आएगी। वहीं टेनिस में आपको पता होता है कि किस समय मैच है और कब कोर्ट में उतरना है। उन्होंने कहा कि टेनिस में खिलाड़ी के पास वापसी का मौका होता है, लेकिन क्रिकेट में एक गलती पूरे मैच से बाहर कर सकती है। अगर बल्लेबाजी में एक गलती हो गई, तो आपको पूरे दिन दर्शकों की तरह ताली बजानी पड़ती है। लेकिन टेनिस खिलाड़ी दो सेट हारने के बाद भी मैच जीत सकते हैं।

# यूथ वनडे- इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया, वैभव सूर्यवंशी 33 रन ही बना सके



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज का 5वां मैच 7 विकेट से हार गई है। हालांकि, इस हार के बावजूद टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली है।सोमवार को भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन बनाए। 211 रन का टारगेट इंग्लैंड ने 113 बॉल शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया।

भारत की खराब शुरुआत, कप्तान आयुष एक रन ही बना सके भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 9 रन के स्कोर पर कप्तान आयुष म्हात्रे (1 रन) और विहान मल्होत्रा (1 रन ) के विकेट गंवा दिए। वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। वैभव ने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला।

यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गए। राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24 रन), कनिष्क चौहान (24 रन) और दीपेश देवेंद्रन शून्य के स्कोर पर आउट हुए।

आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स फ्रैंच और राल्फी एलबर्ट ने 2-2 विकेट झटके। मैथ्यू फिरबैंक, सेबस्टियान मॉर्गन, एलेक्स ग्रीन और एकांश सिंह को एक-एक विकेट मिला।

# वियान मुल्डर ने क्यों नहीं तोड़ा लारा का रिकॉर्ड, बोले- वे एक लीजेंड प्लेयर



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर के पास जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में ब्रायन लारा के 400 के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। दूसरे दिन जब लंच हुआ तब मुल्डर 367 के स्कोर पर नाबाद पवेलियन लौटे थे, लेकिन ब्रेक के दौरान उन्होंने पारी डिक्लेयर कर दी। वे लारा का रिकॉर्ड इसलिए तोड़ने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगा कि यह रिकॉर्ड लारा के ही नाम रहना चाहिए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सुपरस्पोर्ट पर शॉन पोलक को दिए इंटरव्यू में मुल्डर ने कहा, %सबसे पहले मैंने सोचा कि हमने पर्याप्त रन बना लिए हैं और अब हमें बॉलिंग करनी चाहिए। और दूसरी बात यह कि ब्रायन लारा एक लीजेंड प्लेयर हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है। मैंने शुक्स (साउथ अफ्रीका हेड कोच शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा यह मौका मिला तब भी मैं लारा का रिकॉर्ड नहीं तोड़ूंगा। लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीगुआ में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।

# हमने पिछले सीज़न में बेखौफ क्रिकेट खेला था - आयुष बडोनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग सीज़न 2 के लिए मेन्स मेगा ऑक्शन का पहला दिन बेहद रोमांचक रहा, जहाँ कई बड़े नामों की एंट्री हुई, अनुभवी रणजी प्लेयर्स शामिल हुए और उभरते हुए युवा टैलेंट्स पर टीमों ने खुलकर दाँव लगाए। इस जबरदस्त ऑक्शन में जो टीम सबसे रणनीतिक और संतुलित नज़र आई, वह थी साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़, जिन्होंने बेहद सोच-समझकर एक मजबूत स्क्वॉड खड़ा किया है। अब सबकी निगाहें सीज़न 2 की धमाकेदार शुरुआत पर टिकी हैं। पिछले सीज़न की रनर-अप टीम रही सुपरस्टार्ज़ इस बार ऑक्शन में पूरी रणनीति और स्पष्ट इरादे के साथ उतरी। उनका पहला बड़ा कदम था आयुष बडोनी को बरकरार रखना। आयुष पिछने सीज़न के वही दमदार कप्तान हैं, जिन्होंने टीम को फाइनल तक पहुँचाया था। चूँकि, ऑक्शन से पहले हर टीम को सिर्फ एक प्लेयर को बरकरार रखने की इजाज़त थी, ऐसे में सुपरस्टार्ज़ ने बड़ी ही सूझबूझ से अपने पिछले सीज़न के कोर प्लेयर्स को दोबारा खरीद लिया। इस बार सुपरस्टार्ज़ के लिए खेलने वाले वो प्लेयर्स, जो पिछली बार भी टीम का हिस्सा थे, उनके नाम हैं– आयुष बडोनी-टीम के कप्तान, दिग्वेश राठी, तेजस्वी दहिया, कुंवर भिदुरी, सुमित माथुर, सार्थक रे, विजन पांचाल।इस बार के फॉर्मेट के अनुसार प्रत्येक फ्रेंचाइज़ी को कम से कम 20 प्लेयर्स की टीम बनानी थी और इस बार लीग में दो नई मजबूत टीमें भी जुड़ गईं, जिससे मुकाबला पहले से कहीं ज्यादा कड़ा हो गया। फिर भी साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ की टीम मैनेजमेंट ने पूरे दिन शांति और समझदारी के साथ फैसले लिए और ऑक्शन को बखूबी संभाला।

टीम के कप्तान आयुष बडोनी ने कहा, हमने पिछले सीज़न में बेखौफ क्रिकेट खेला था और इस बार भी उसी जोश और आत्मविश्वास के साथ खेलने की कोशिश करेंगे। इस बार हमारा लक्ष्य है कि ट्रॉफी सुपरस्टार्ज़ कैंप में ही आए। ऑक्शन का हिस्सा बनना एक अलग ही अनुभव है, यहाँ कई रणनीतियों पर काम होता है, बिडिंग का अपना रोमांच होता है और इसके नतीजे और संभावनाएँ बहुत कुछ सिखाते हैं।÷

# इंग्लैंड की हार से बौखलाए बॉयकॉट ने वोक्स पर साधा निशाना, क्राउली के लिए कहा- वह सुधर ही नहीं सकते



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में मिली हार से इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉय निराश हैं। उन्होंने मौजूदा टीम के दो खिलाड़ियों पर खराब प्रदर्शन के लिए निशाना साधा है। बॉयकॉट ने वोक्स की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है, जबकि सलामी बल्लेबाज क्राउली के पास अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है।

वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के मौजूदा आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज में अब तक दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने ब्रिटिश दैनिक 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

बॉयकॉट ने लिखा, क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है। इसकी आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं। विदेशी जमीन पर उनका रिकॉर्ड खराब है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है, लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।

क्राउली पर निशाना साधते हुए बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज अब इससे ज्यादा बेहतर नहीं हो सकता। क्राउली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में एक अर्धशतक लगाया है।

## व्यापार

# घरेलू वेज थाली जून में 8 प्रतिशत सस्ती हुई आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर



**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8 प्रतिशत घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3त्न बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी। वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी।

**आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे**

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24 प्रतिशत घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27 प्रतिशत और आलू के भाव में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

चिकन के प्राइस गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3त्न की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 6 प्रतिशत बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थी।.

# अमेरिका ने जवाबी टैरिफ की समयसीमा 1 अगस्त तक बढ़ाई, निर्यातकों ने जताई राहत पर बरतनी होगी सतर्कता



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता को कुछ दिनों की राहत दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा को 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है। इस फैसले पर निर्यतकों ने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ की समयसीमा बढ़ाना अमेरिका की अपनी व्यापारिक साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है।

भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि यह कदम व्यापारिक वार्ता के लिए अवसर प्रदान करता है। इससे भारत को शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए और समय मिला है। उन्होंने कहा कि अगर भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) कर लेता है, तो भारत को अन्य देशों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है।

घरेलू उद्योग को कुछ दिनों की राहत मिली

एक अन्य निर्यातक ने कहा कि इस निर्णय से घरेलू उद्योग को राहत मिलेगी। भारत को अंतरिम व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बात करने के लिए 12 से 13 दिन का अतिरिक्त समय मिल गया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ विश्वजीत धर ने इसे भारत के लिए राहत भरा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा कुछ मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने के कारण आई है। फियो के अध्यक्ष और लुधियना स्थित इंजीनियरिंग निर्यात ने कहा कि हालांकि यह एक छोटी सी राहत है, फिर भी हम उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**भारत को नए बाजार तलाशने की जरूरत**

मुंबई के निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (इंडिया) के संस्थापक शरद कुमार सराफ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुत अप्रत्याशित हैं। भारतीय निर्यातकों को नए बाजार तलाशने चाहिए।

# अदाणी पावर ने 600 मेगावाट की विदर्भ स्थित पावर कंपनी का किया अधिग्रहण, 4000 करोड़ रुपये में सौदा



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने 600 मेगावाट क्षमता वाली विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अधिग्रहण दिवाला प्रक्रिया के तहत 4,000 करोड़ रुपये में हुआ। एपीएल ने मंगलावर को यह जानकारी दी।

एपीएल ने एक बयान में कहा कि 18 जून ,2025 को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने इस अधिग्रहण योजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद 7 जुलाई को योजना को पूरी तरह लागू कर दिया गया।

**एपीएल की परिचलान क्षमता 18,150 मेगावट हो गई**

वीआईपीएल महाराष्ट्र के नागपुर जिले के बुटीबोरी में स्थित है और इसमें 2म300 मेगावाट के घरेलू कोयला-आधारित संयंत्र शामिल हैं। इसके अधिग्रहण के बाद अदाणी पावर की परिचलान क्षमता बढ़कर 18,150 मेगावट तक पहुंच गई है।

**एपीएल का 2029-30 का लक्ष्य**

एपीएल ने कहा कि वह 2029-30 तक अपनी क्षमता को 30,670 मेगावाट तक पहुंचाने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रही है। इसके तहत अडानी पावर देशभर में कई ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं पर काम कर रही है।

**कंपनी कर रही है छह ब्राउनफील्ड परियोजनाओं का निर्माण**

कंपनी वर्तमान में अपने छह ब्राउनफील्ड अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट्स (यूएससीटीपीपी) का निर्माण कर रही है, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 1,600 मेगावाट होगी।

ये संयंत्र सिंगरौली-महान (मध्य प्रदेश), रायपुर, रायगढ़, कोरबा (छत्तीसगढ़) और कवाई (राजस्थान) में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में 1,600 मेगावाट की ग्रीनफील्ड यूएससीटीपीपी का भी निर्माण कर रही है। साथ ही, कंपनी कोरबा में 1,320 मेगावाट के सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट के निर्माण को भी पुनर्जीवित कर रहा है, जिसे इसने पहले अधिग्रहित किया था।

# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा, निफ्टी 25500 के पार



**नई दिल्ली।** बैंकिंग और चुनिंदा आईटी शेयरों में हुई खरीदारी के साथ-साथ एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख से मंगलवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 270 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 270.01अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 491.36 अंकों की तेजी के साथ 83,812.31 का उच्चतम और 83,320.95 का न्यूनतम स्तर छुआ। इसमें 18 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 25,522.50 अंक पर पहुंच गया।

**सीमित दायरे में हुआ उतार-चढ़ाव**

शेयर बाजार में अधिकांश समय सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन बंद होने से पहले के सत्र में खरीदारी का दौर शुरू हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार पर निर्णायक प्रगति का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ने रेसिप्रोकल टैरिफ के निलंबन को 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है।

**क्या रहा सेंसेक्स कंपनियों का हाल?**

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अडानी पोर्ट्स, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख लाभ में रहे।हालांकि, टाइटन में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। ट्रेंट, एक्सिस बैंक, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी पिछड़ गए।

# किसान, युवा, महिला एवं मजदूर के उत्थान में कारगर हो रहा पखवाड़ा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





## मुख्यमंत्री ने सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत गांवों में किए जा रहे कार्य विकसित भारत-विकसित राजस्थान का संकल्प साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के गांवों में दिव्यांगों, महिलाओं, बुजुर्गों और वंचितों का उत्थान सरकारी योजनाओं के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित कार्य एक ही स्थान पर किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की राह आसान हो रही है।

शर्मा सोमवार को कोटा के सांगोद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित शिविर और सुपोषित मां अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियां- किसान, युवा, महिला एवं मजदूर बताई हैं। उनकी मंशा के अनुरूप राज्य सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की पहल की है जिसके अंतर्गत 24 जून से 9 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से व्यापक कार्य कर इन वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में सीमाज्ञान, रास्तों के प्रकरणों का समाधान, बिजली के झूलते तारों को कसने का कार्य, पशुओं के टीकाकरण जैसे विभिन्न कार्य हाथ में लिए गए हैं।

### ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकालेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को बीपीएल श्रेणी से बाहर निकाला जाएगा। इसमें पांच हजार गांवों का सर्वे हो चुका है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने और किसान कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डेढ़ वर्ष के अल्प कार्यकाल में हमने 69 हजार पदों पर नियुक्तियां दी है और लगभग 1 लाख 88 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। वहीं हम किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर दृढ़ता के साथ कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में 22 जिलों में हम दिन में बिजली उपलब्ध भी करवा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास तेजी से कर रही हैं। महिला कल्याण को प्रमुख प्राथमिकता देते हुए नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। हमने 14 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत प्रशिक्षण दिया है और लगभग 5 लाख 60 हजार महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना से 1 लाख बालिकाओं को लाभान्वित किया है। हमने 9वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 10 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरित की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवा रही है। हमने कोटा जिले के विकास के लिए 3 हजार 30 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने डेढ़ साल के अल्प कार्यकाल में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कार्यकाल से अधिक काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में केवल एक लाख 75 हजार स्वामित्व कार्ड का वितरण किया, जबकि हमारी सरकार ने 18 माह में ही साढ़े 9 लाख कार्ड वितरित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 1 हजार 381 गांवों को सड़कों से जोड़ा जबकि गत सरकार 5 वर्षों में केवल 1 हजार 104 गांवों को ही जोड़ पाई। इसी प्रकार हमने बिजली उत्पादन क्षमता में 4 हजार 270 मेगावाट की वृद्धि की जबकि पूर्ववर्ती सरकार 5 वर्षों में 3 हजार 948 मेगावाट बढ़ा पाई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अंत्योदय संबल पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं बल्कि उस विचारधारा का सजीव रूप है, जिसमें समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण का संकल्प निहित है। राज्य सरकार ने इसी सोच के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की है ताकि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। श्री बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सेवा को सुशासन का आधार बनाया है। राज्य सरकार भी उसी सोच के साथ योजनाओं को पंचायत और गांव तक पहुंचा रही है। आज महिलाएं, युवा, किसान और मजदूर सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ रहे हैं। यह अंत्योदय की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने कृषि उपज मंडी परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अंत्योदय संबल शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर आमजन को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर तीन दिव्यांगों को बैटरी चलित साइकिल एवं पांच मेधावी बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायकगण संदीप शर्मा और कल्पना देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# गावों को बैंकिंग, बीमा और पेंशन सुविधा से जोड़ा जाएगा: 11 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों में तीन महीने चलेंगे शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रदेश की गांवों में रहने वाले लोगों को बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए राजस्थान में भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर तीन महीने का ग्राम पंचायत स्तरीय अभियान शुरू किया गया है। 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान के तहत राज्य प्रदेश की 11,483 ग्राम पंचायतों में बैंक और जिला प्रशासन मिलकर कैंप लगाएंगे।

कैंप में खाते खोलने, बीमा और पेंशन स्कीम में नामांकन के साथ-साथ डिजिटल फ्रॉड से बचाव और केवाईसी अपडेट से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। जमा खातों में नॉमिनी जोड़ने और पुराने दावों के भुगतान के लिए भी मदद की जाएगी।

इस अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए भी जागरूकता फैलाई जाएगी।

इस अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए भी जागरूकता फैलाई जाएगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एम. अनिल ने बताया इस अभियान का मकसद गांव-गांव तक पहुंच बनाकर लोगों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी स्कीमों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास अभी तक बैंक खाता नहीं है, उनके खाते खोले जाएंगे। जिनके खाते लंबे समय से बंद पड़े हैं, उन्हें दोबारा एक्टिव किया जाएगा।

उन्होंने बताया- इन योजनाओं का लाभ खासतौर पर उन लोगों को मिलेगा जो सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। जनधन योजना के तहत बिना किसी न्यूनतम बैलेंस के बैंक खाता खुलवाया जा सकता है। जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये सालाना में 2 लाख रुपये का बीमा और सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये में दुर्घटना बीमा कवर दिया जाता है। वहीं अटल पेंशन योजना में रिटायरमेंट के बाद 1,000 से 5,000 रुपये तक मासिक पेंशन की व्यवस्था है।

इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि यह अभियान राज्य के हर कोने तक पहुंचे, इसके लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए भी जागरूकता फैलाई जाएगी।

कार्यक्रम में पीआईबी जयपुर के उप निदेशक धर्मेश भारती, बैंक के उप महाप्रबंधक (एसएलबीसी) राजकुमार मीना, उप महाप्रबंधक (बिजनेस डेवलपमेंट) अतुल कुमार कर्ण, उप महाप्रबंधक (अनुपालन) रूचि शिवलिहा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हिंगोनिया गौशाला का आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने किया औचक निरीक्षण, गौवंश के लिए व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा इन दिनों मिशन मोड पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने मंगलवार को हिंगोनिया गौशाला का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपायुक्त (पशु प्रबंधन), पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन सहायक और श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

मानसून को देखते हुए आयुक्त ने गौशाला में साफ-सफाई, जल निकासी, पशुओं के चारे और चिकित्सा सुविधा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान गौवंश के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त डॉ. सैनी ने हिंगोनिया स्थित नंदीशाला और बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय का भी दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे देशी गोवंश की देखभाल, चिकित्सा सुविधा, चारे की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक गौवंश की जरूरतों पर संवेदनशीलता से ध्यान दिया जाए।

### मिशन मोड पर निराश्रित गौवंश की देखरेख

नगर निगम ग्रेटर की पशु प्रबंधन शाखा, आयुक्त डॉ. सैनी के निर्देशानुसार पिछले पांच महीनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निराश्रित 5,500 गौवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र में भेज चुकी है। इसके अतिरिक्त रोगी पशु वाहन (पशु एंबुलेंस) की मदद से करीब 1,000 बीमार गौवंश को उपचार हेतु हिंगोनिया के पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

### राजस्व में वृद्धि और अनुज्ञा पत्र जारी

पशु प्रबंधन शाखा द्वारा अवैध मीट-माँस दुकानों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। साथ ही मीट दुकानों और प्रतिष्ठानों के लाइसेंस व अनुज्ञा पत्र जारी कर नगर निगम ने 3 लाख 50 हजार रुपये का राजस्व अर्जित किया। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन डॉग रजिस्ट्रेशन प्रणाली के माध्यम से भी अनुज्ञा पत्र जारी कर 66 हजार 300 रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया।

# बाइक से बाजार रहे चाचा-भतीजे को टैंकर ने मारी टक्कर, मौत

जयपुर। जयपुर के बगरू इलाके में रोड एक्सीडेंट में मंगलवार सुबह चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों बाइक से खरीदारी करने के लिए मार्केट जा रहे थे। रॉन्ग साइड से आए टैंकर ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। एक्सीडेंट थाना पुलिस ने बगरू सीएससी में पोस्टमॉर्टम करवाकर चाचा-भतीजे के शव को परिजनों को सौंप दिया। एक्सीडेंट थाने के एएसआई छोटे लाल ने बताया- हादसे में नागौर के जायल निवासी मुकेश (33) पुत्र सीताराम और दीपेश (18) पुत्र चेनाराम की मौत हो गई। बगरू के चिराटा गांव में रहकर दोनों चाचा-भतीजे रीको एरिया स्थित एक कंपनी में जॉब करते थे। सुबह करीब 6-30 बजे मुकेश व दीपेश खरीदारी करने के लिए घर से बाइक लेकर बगरू मार्केट जा रहे थे। इसी दौरान बगरू रीको एरिया में सारण धर्मकांटा के पास ट्रक टैंकर ने रॉन्ग साइड आकर बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद टैंकर को मौके पर छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर घायल हालत में चाचा-भतीजे को बगरू सीएससी पहुंचाया। डॉक्टर्स ने चेक कर दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# मेडिकल कॉलेजों में टीचिंग फेकल्टी की कमी होगी दूर, भर्ती कोटे को 15 बढ़ाकर 30 फीसदी किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नेशनल मेडिकल कमीशन ने अपने नियमों में कुछ बदलाव करते हुए राज्य में कार्यरत नॉन टीचिंग डॉक्टर्स के लिए टीचिंग फेकल्टी बनने की राह आसान कर दी है। साथ ही एनाटोमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री के अलावा अब माइक्रोबायोलॉजी और फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट में भी नॉन मेडिकल टीचर्स की भर्ती हो सकेगी। साथ ही नॉन मेडिकल टीचर्स की इन भर्ती के कोटे को 15 से बढ़ाकर 30 फीसदी कर दिया है।

एनएमसी की ओर से जारी नई गाइड लाइन के मुताबिक अब 220 से अधिक बैड वाले हॉस्पिटल में कार्यरत नॉन टीचिंग डॉक्टर्स (सीनियर मेडिकल ऑफिसर जिनकी पीजी पूरी हो गई और एसआर शिप कर ली) को 2 साल से ज्यादा का अनुभव होने पर मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही 10 साल से ज्यादा अनुभव वाले डॉक्टर्स को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्त दी जा सकेगी। इसके अलावा सीनियर कंसल्टेंट को हक्क्ष से मान्यता प्राप्त सरकारी मेडिकल कॉलेज में 3 वर्ष का टीचिंग एक्सपीरियंस होने पर प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया जा सकेगा।

### दो फेकल्टी पर 2 पीजी सीट के साथ कोर्स शुरू

अगर किसी मेडिकल कॉलेज में किसी डिपार्टमेंट में 2 फेकल्टी है तो वहां 2 पीजी सीट के साथ पीजी कोर्स शुरू किया जा सकेगा। इसके अलावा अभी एनाटोमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री में नॉन मेडिकल टीचिंग (रूष्ठ के साथ पीएचडी किए) स्टाफ की नियुक्ति का प्रावधान है। लेकिन, अब इन विभागों के अलावा माइक्रोबायोलॉजी और फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट में भी इन नॉन मेडिकल टीचिंग स्टाफ को फेकल्टी नियुक्त किया जा सकेगा। साथ ही इन नॉन मेडिकल टीचिंग स्टाफ के कोटे को 15 से बढ़ाकर 30 फीसदी कर दिया है।

### मेडिकल कॉलेजों में टीचिंग स्टाफ की कमी होगी दूर

मेडिकल कॉलेज से जुड़ी टीचिंग फेकल्टी का कहना है, कि इससे राज्य में जो नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले है, उनमें टीचर्स की कमी दूर होगी। अभी कई मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स की कमी है, जिसके कारण मेडिकल स्टूडेंट्स को समस्या आती है। वहीं कई कॉलेजों में यूजी कोर्स तो संचालित है, लेकिन पीजी कोर्स संचालित नहीं है। अब उन कॉलेजों में जब टीचर्स की संख्या पर्याप्त हो जाएगी, तो वहां भी पीजी कोर्स शुरू करने में आसानी होगी।

# जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी: जन संवाद में बोले कर्नल राज्यवर्धन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं आपका बेटा, आपका साथी बनकर सेवा के संकल्प के साथ काम कर रहा हूं। यह बातें आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान कही। यह कार्यक्रम एक संवाद मात्र नहीं, बल्कि जनता के साथ भावनात्मक जुड़ाव और जमीनी सेवा का प्रमाण बन गया।

जन संवाद के इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं। खास बात यह रही कि यहां किसी को अपनी बात कहने के लिए कोई आवेदन नहीं भरना पड़ा, कोई फॉर्मेलिटी नहीं निभानी पड़ी। कर्नल राठौड़ ने खुद लोगों से आमने-सामने संवाद किया और जहाँ जरूरी समझा, वहीं से तत्काल संबंधित अधिकारियों को कॉल कर निर्देश जारी किए।

किसी को इलाज की जरूरत थी, तो किसी के इलाके में नाली का निर्माण अधूरा था। किसी महिला ने राशन कार्ड की समस्या बताई तो किसी बुजुर्ग ने सड़क की दशा का ज़िक्र किया। कर्नल राठौड़ ने हर फरियाद को पूरी गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशासनिक अमले को सक्रिय किया। जन संवाद के दौरान कई नागरिकों ने भावुक होकर कहा यह पहली बार है जब हमें किसी जनप्रतिनिधि से बात करने के लिए न तो किसी सिफारिश की जरूरत पड़ी, न ही किसी चक्कर लगाने पड़े।

कर्नल साहब के सहज, विनम्र व्यवहार और तत्परता ने उपस्थित लोगों के बीच एक गहरा भरोसा पैदा किया। संवाद के दौरान उन्होंने बार-बार यह दोहराया कि ÷जनता की समस्याएं मेरी प्राथमिकता हैं। यह जन संवाद नहीं, जन संकल्प है सेवा का, समाधान का और विश्वास का। कार्यक्रम का माहौल उस वक्त और भी मानवीय हो गया, जब कर्नल राठौड़ ने एक दिव्यांग नागरिक को सहारा देकर मंच तक बुलाया और कहा आपकी तकलीफ़ मेरी जिम्मेदारी है। जब तक आपके चेहरे पर मुस्कान नहीं आती, मेरी नींद पूरी नहीं होती।

# पिज्जा और आइसक्रीम का लालच देकर 13 साल की बच्ची के अपहरण की कोशिश, शोर मचाते ही भाग निकला आरोपी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजधानी जयपुर के चित्रकूट इलाके में एक 13 वर्षीय बालिका के अपहरण की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार की शाम सिद्धेश्वर पार्क में खेल रही बच्ची को एक अज्ञात युवक ने पहले पिज्जा और आइसक्रीम का लालच देकर फुसलाया, फिर जबरन ले जाने की कोशिश की। लेकिन होशियार बालिका ने शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी भीड़ देखकर मौके से फरार हो गया। बच्ची के साहस से टला बड़ा हादसा यह पूरी घटना रविवार शाम करीब 6 बजे की है। पीड़ित बच्ची अपनी मां के साथ चित्रकूट नगर में रहती है। उस शाम वह अपने छोटे भाई के साथ सिद्धेश्वर पार्क में खेलने गई थी। पार्क में मौजूद लोगों के मुताबिक, आरोपी युवक पिछले तीन-चार दिन से वहीं घूमता दिखाई दे रहा था और बच्चों से अनावश्यक बातचीत करने की कोशिश कर रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने बच्ची के छोटे भाई को आइसक्रीम के पैसे देकर भेज दिया और इसके बाद बच्ची को पिज्जा और चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले जाने लगा। इसी बीच बच्ची ने होशमंदी और साहस का परिचय देते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पार्क में मौजूद अन्य लोग मौके पर दौड़े। भीड़ को पास आता देख आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। बाद में पीड़िता घर पहुंची और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची की मां की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# भविष्य समय कम, भूतकाल बड़ा



एसके मंगल

भूतकाल और भविष्य का संबंध दार्शनिक और वैचारिक विषय है, जिसमें समय की अवधारणा और इसके प्रभाव को समझने की कोशिश की जाती है। डीजीपी गोविंद गुप्ता के अनुसार, ÷भूतकाल बढ़ता है भविष्य घटता है÷ से प्रतीत होता है कि जैसे-जैसे भूतकाल बढ़ता है, वैसे-वैसे हमारा भविष्य सिमटता जाता है। कुछ संभावित व्याख्याएं यह हैं। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारा भूतकाल बढ़ता जाता है और भविष्य की अवधि कम होती जाती है। यह समय की प्राकृतिक गति को दर्शाता है। जीवन की एक निश्चित अवधि होती है और जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारे पास भविष्य के लिए कम समय रह जाता है। यह हमें अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को समय रहते पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। भूतकाल के अनुभव और ज्ञान हमें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। जैसे-जैसे हमारा भूतकाल बढ़ता है, हमें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक अनुभव और ज्ञान प्राप्त होता है। इनसे यह स्पष्ट होता है कि भूतकाल और भविष्य का संबंध गहरा और जटिल है, और यह हमारी जीवन यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।भूतकाल और भविष्य की तुलना एक दार्शनिक और तात्विक विषय है, जिसमें समय की अवधारणा और इसके प्रभाव को समझने का प्रयास किया जाता है। भूतकाल यानी अतीत, जिसमें हमारे अनुभव, स्मृतियाँ और घटनाएँ होती हैं जो बीत चुकी हैं। यह हमारे वर्तमान और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भविष्य यानी आगामी समय, जिसमें संभावना, आशाएं और अनिश्चितताएं होती हैं। यह हमारे सपनों, लक्ष्यों और आकांक्षाओं का केंद्र है। जैसे-जैसे समय बीतता है, अतीत की घटनाएं और अनुभव अधिक विस्तृत और गहरे होते जाते हैं, जबकि भविष्य की संभावनाएं और अवसर कम होते जाते हैं या अधिक अनिश्चित हो जाते हैं।

# बजट घोषणाओं की प्रगति की जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी विभागीय अधिकारी, प्रमुख विकास योजनाओं के प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें । बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने सभी विभागों की घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा तथा जहां भी कार्यों में विलंब हो रहा है, वहां शीघ्रता लाने के निर्देश दिए ।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों के टेंडर अतिशीघ्र जारी करवाएं जाएं, ताकि उनका लाभ समय पर आमजन को मिल सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट घोषणाओं का उद्देश्य जनकल्याण हैं, अतः इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही किसी भी प्रकार की बाधा को तुरंत उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए, ताकि उसका शीघ्र समाधान हो सकें । उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे समर्पित भाव से कार्य करें और जिले के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं । बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील शर्मा, जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें ।

## भावी महिला इंजीनियरों ने संभाली जागरूकता की कमान, आमजन को बताए ड्रेनेज के फायदे



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** बूंदी शहर की महावीर नगर कॉलोनी में मंगलवार को आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण के अंतर्गत विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभाग में इंटर्नशिप कर रही हैं, इंजीनियरिंग की छात्राओं ने स्थानीय निवासियों के साथ संवाद स्थापित किया और उन्हें शहर में चल रही ड्रेनेज परियोजना के महत्व को समझाया । जनसहभागिता इकाई (कैप) की ओर से सचिन मुदगल ने स्थानीय लोगों को ड्रेनेज परियोजना के तकनीकी पहलुओं और भविष्य में होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि परियोजना का सफल रख-रखाव केवल जनसहभागिता से ही संभव है। उन्होंने निवासियों से अपील की कि वे अपने घरों का कचरा नालियों में न डालें और नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहनों का ही उपयोग करें, ताकि नालियां अवरुद्ध न हों। इस समूह चर्चा का मुख्य आकर्षण इंटर्नशिप कर रहीं इंजीनियरिंग छात्राएं रहीं, जिन्होंने स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं से खुलकर बात की और परियोजना से जुड़े उनके सवालों के जवाब दिए। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को जमीनी स्तर पर सामुदायिक संवाद और जन-जागरूकता अभियानों का व्यावहारिक अनुभव दिया गया। गौरतलब है कि आरयूआईडीपी इन बी.टेक छात्राओं को छह सप्ताह की इंटर्नशिप पूरी करने पर न केवल अनुभव प्रमाण पत्र देता हैं, बल्कि उन्हें 24,000 रुपये की आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान करता हैं, जो युवा महिला इंजीनियरों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन हैं । कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसओटी सौरव शर्मा, देवीलाल, तथा सपोर्ट इंजीनियर हर्ष शर्मा और अभिषेक गौतम ने सक्रिय योगदान दिया ।

## मानटाउन थाना पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सवाईमाधोपुर ।** सवाई माधोपुर की मानटाउन थाना पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी श्योपुर मध्यप्रदेश निवासी सलमान उर्फ राशिद उर्फ बकरी है । मानटाउन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत 17 दिसम्बर को अजनोटी निवासी घनश्याम गुर्जर जिला मुख्यालय के बजरिया स्थित एक बैंक से करीब साढ़े तीन लाख रुपये निकलवाकर ई-रिक्सा से पुलिस लाईन की तरफ बस स्टैंड जा रहा था ,उसी दौरान रास्ते से एक व्यक्ति भी ई-रिक्सा में बैठ गया ,जिसने ई-रिक्सा में पहले से बैठे घनश्याम गुर्जर का कट्टा पैर से धकेलकर रिक्से से नीचे गिरा दिया ,जिसमे सब्जियां रखी थी ,जैसे ही घनश्याम ई रिक्सा रूकवाकर अपना सब्जियों का कट्टा उठाने लगा तभी मौका पाकर ई रिक्सा में बैठा व्यक्ति घनश्याम का पैसों से भरा बैग लेकर भाग गया । घटना के बाद पीड़ित घनश्याम गुर्जर मानटाउन थाने पहुंचा और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नकबजनी का मुकदमा दर्ज कराया ,मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक टीम गठित की जिसने सीसीटीवी व अन्य तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ,आरोपी श्योपुर एमपी निवासी सलमान उर्फ राशिद उर्फ बकरी है ,पुलिस फिलहाल आरोपी से पूंछतांछ करने में जुटी हुई है और आरोपी से पीड़ित के साढ़े तीन लाख रुपये की बरामदगी का प्रयास कर रही है ।

## बिजली करंट से पैंथर की मौत, बंदर का शिकार करते समय हुआ हादसा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर ।** सवाई माधोपुर जिले मुख्यालय के पुराने शहर के नीम चौकी इलाके में बिजली का करंट लगने से एक पैंथर की मौत हो गई ,सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और पैंथर के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग की राजबाग नाका वन चौकी पहुंचाया गया ,जहाँ रणथंभौर के पशु चिकित्सकों की मेडिकल टीम द्वारा पैंथर के शव का पोस्टमार्टम किया गया और पोस्टमार्टम के बाद पैंथर के शव का दाह संस्कार कर दिया गया । जानकारी के मुताबिक एक मादा पैंथर आज अल सुबह एक बंदर को अपना शिकार बनाने के चक्कर में बंदर का पीछा करते हुवे रणथंभौर के जंगलों से निकलकर शहर के नीम चौकी इलाके में आ गई । इस दौरान मादा पैंथर बंदर का पीछा करते हुवे नीम चौकी स्थित बाबू खाँ के मकान की छत पर पहुंच गई ,जहाँ पैंथर ने बंदर को अपने मुँह में जकड़ लिया ,लेकिन तभी मादा पैंथर मकान की छत से गुजर रही 11 केवी बिजली लाईन की चपेट में आ गई और बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हो गई ।

जिस वक्त मादा पैंथर को बिजली का करंट लगा उस वक्त बंदर पैंथर के मुंह की पकड़ में था , ऐसे में पैंथर और पैंथर के मुंह मे जकड़ा बंदर दोनों ही बिजली के करंट से झुलस गए और दोनों की ही मौत हो गई , पैंथर की मौत के बाद भी मृत बंदर पैंथर के मुंह में उसके दांतो में ही फसा रहा ।

पोस्टमार्टम के दौरान मेडिकल बोर्ड की टीम ने मृत बंदर को मादा पैंथर के जबड़ों से अलग किया । वन विभाग की टीम ने राजबाग नाका वन चौकी पर पोस्टमार्टम के बाद मादा पैंथर एंव बंदर के शव का दाह संस्कार कर दिया ,इस दौरान रणथंभौर के वनाधिकारी भी मौजूद रहे । घटना में बड़ी बात यह है कि जिस बाबू खाँ के मकान की छत पर बिजली का करंट लगने से पैंथर की मौत हुई है ,उस छत पर 11 केवी बिजली लाइन के तार बेहद नीचे से गुजर रहे है , ऐसे में कोई जनहानि होने की आशंका से भी मना नही किया जा सकता ,विधुत विभाग को इस तरह की बिजली लाइनों को शिफ्ट करने की जरूरत है ,यह तो मानो एक पैंथर और एक बंदर की ही मौत हुई है , बल्कि मकान की छत से गुजर रही बिजली लाइन की चपेट में कई इंसान भी आ सकता है ओर बारिश के दौरान मकान में करंट भी प्रवाहित हो सकता और कोई कोई बड़ा हादसा भी घटित हो सकता है , ऐसे में विधुत विभाग को इस 11 केवी बिजली लाइन को जल्द शिफ्ट करना चाहिए ,अन्यथा किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है ।

## मिट्टी की सेहत से खुशहाली की ओर बढ़े भीमराज के कदम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** तालेड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जमीतपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर ने किसान भीमराज की जिंदगी में एक नई उम्मीद जगाई हैं। इस शिविर में कृषि विभाग द्वारा उन्हें सॉयल हेल्थ कार्ड प्रदान किया गया, जिसने उन्हें अपनी भूमि की जरूरतों को वैज्ञानिक तरीके से समझने का अवसर दिया । भीमराज के खेत की मिट्टी का गहन वैज्ञानिक परीक्षण किया गया, जिससे उन्हें अपनी जमीन में मौजूद पोषक तत्वों की सटीक जानकारी मिली। इस कार्ड में दी गई विस्तृत सिफारिशों के आधार पर, भीमराज अब अपनी फसलों के लिए संतुलित उर्वरक का उपयोग शुरू कर सकेंगे। इसका सीधा लाभ यह होगा कि उनकी खेती की लागत में कमी आएगी और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सॉयल हेल्थ कार्ड के सुझावों पर अमल करने से मिट्टी की सेहत में सुधार होगा, जिससे न केवल फसल की पैदावार बढ़ेगी, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बेहतर होगी। रासायनिक उर्वरकों की अनावश्यक खपत घटने से पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा ।



भीमराज ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ÷राज्य सरकार द्वारा इस तरह के शिविरों के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी और लाभ सीधे उनके गाँव में पहुँचाना बहुत अच्छी पहल हैं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷सॉयल हेल्थ कार्ड मिलने के बाद मुझे अपनी जमीन की असली जरूरतें पता चलीं। अब मैं वैज्ञानिक तरीके से खेती कर सकूंगा, जिससे लागत कम और उपज ज्यादा होगी। राज्य सरकार द्वारा गाँव में ही शिविर लगाना मेरे लिए बहुत बड़ी सुविधा है। इसके लिए प्रदेश सरकार का तहेदिल से आभार हैं।÷

## मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा के बाल अपचारी को चार साल की सजा सुनाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बारां अशोक चौधरी (जिला न्यायाधीश संवर्ग) ने सेशन प्रकरण राजस्थान राज्य बनाम बाल अपचारी में 07 जुलाई 2025 को निर्णय पारित कर विधि से संघर्षरत बाल अपचारी को धारा 8/15 (बी) एनडीपीएस एक्ट में दोष सिद्ध करते हुए चार साल के कठोर कारावास व बीस हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया है । लोक अभियोजक तेजेंद्र शर्मा ने बताया कि 28 फरवरी 2023 को थानाधिकारी छीपाबडौद मय जाब्ता वास्ते करने गश्त, नाकाबंदी व चैकिंग रवाना हुआ। दौराने नाकाबंदी एक पिकअप बोलेरो को हाथ का ईशारा देकर रोकना चाहा तो पिकअप चालक ने नाकाबंदी को तोडकर गाडी को भगाकर ले गया। संदेह होने पर गाडी का पीछा किया तो करीब तीन सौ मीटर दूर रोड पर भगाया तो पिकअप निर्माणाधीन पुलिया पर पलट गई। उक्त पिकअप में बेटे हुए चालक व एक व्यक्ति को सुरक्षित निकाल कर डिटेन किया तो दोनों व्यक्ति हडबडाने लगे। गाडी को चैक किया तो गाडी के अंदर तिरपाल से ढकी हुई थी व प्लास्टिक के कटटे भरे हुए थे । कटटों को चैक किया तो कुल 33 कटटे भरे मिले, जिनको खोलकर देखा तो प्रत्येक कटटे में अफीम डोडा चूरा भरा हुआ मिला। पुलिस ने उक्त कटटों को अपने कब्जे में कर तोल किया तो कुल 603.750 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने उक्त दोनों को गिरफ्तार कर अफीम डोडा चूरा को अपने कब्जे में लिया । पुलिस थाना छीपाबडौद ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया। पुलिस थाना द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। दौराने विचारण गवाहों की साक्ष्य लेखबद्ध की गई। बाद साक्ष्य न्यायालय द्वारा अभियुक्त बाल अपचारी को धारा 8/15 (बी) एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध करते हुए चार वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया ।

## ग्राम पंचायत गणेश पुरा को जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र मै उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य मै मिला तीसरा स्थान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** गणेश पुरा पंचायत जिला बूंदी ने परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया की इस उपलब्धि के लिए उन्हें 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में प्रशस्ति पत्र और तीन लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा । सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने गणेश पूरा पंचायत को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार परिवार कल्याण के क्षेत्र में पंचायत के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देता है। यह योजना परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है । राज्य स्तरीय समारोह मै थीम ÷माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही पर समारोह आयोजित किया जायेगा! उन्होंने बताया की आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह मै पंचायत समिति बूँदी, सीएचसी देई, पिएचसी पेच की बावड़ी, ग्राम पंचायत रामनगर, बासनी, बामनगांव, हिंगोनिया को जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र मै बेहतरीन कार्य करने पर सम्मानित किया जायेगा । डॉ सामर ने बताया कि जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम पंचायत गणेश पुरा का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। जिले को राज्य स्तर पर तीसरा स्थान मिलने पर सीएमएचओ डॉ सामर ने एडिशनल सीएमएचओ डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी और परिवार कल्याण विभाग की टीम को बधाई दी है। यह उपलब्धि न केवल गणेश पूरा पंचायत के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है ।

## अभाविप के द्वारा छात्रशक्ति राष्ट्रशक्ति विषय पर सेमिनार आयोजित की



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बारां नगर के द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय बारां में छात्रशक्ति राष्ट्रशक्ति सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश केरवालिया, विशेष उपस्थित प्रांत सह मंत्री राहुल वर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख सलोनी शर्मा व जिला सयोंजक रोहित मीणा ने माँ सरस्वती व स्वामीविवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रवजन माल्यार्पण कर शुरूआत की । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश केरवालिया ने विद्यार्थियों को परिषद रीति नीति व 76 वर्षो की यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशेष उपस्थित राहुल वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में आयोजित छात्रशक्ति राष्ट्रशक्ति कार्यक्रम में छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। उनका कहना है कि युवा छात्रों में देश के विकास और निर्माण की अपार क्षमता होती है। छात्रों को शिक्षा, ज्ञान और राष्ट्रीयता के मार्ग पर ले जाकर, उन्हें राष्ट्र के प्रति समर्पित किया जा सकता है। अभाविप छात्रों को संगठित करके, उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से जागरूक करके, राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती युवा में देश के विकास व निर्माण की आपर क्षमता है। प्रारंभिक चरण में ही छात्रों के नारा था कि छात्र आज का नहीं, कल का नागरिक है तब अभाविप ने वर्तमान युग के अनुसार छात्रों की श्नागरिक भूमिका को पहचाना और प्रसतुत किया और कहा कि श्छात्र कल का नही, अपितु आजँ का नागरिक है। ऐसे कई उदाहरण विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में देखने को मिलता है। और उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर राष्ट्र निर्माण में काम किया है। कार्यक्रम के अंत मे जिला सयोंजक रोहित मीणा व बारां भाग संयोजक सुनील प्रजापति ने ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व उपस्थित विद्यार्थियों का धन्यवाद दिया ।

## अनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

### शक्ति दिवस का आयोजन कर गर्भवतियों, बच्चों को किया लाभान्वित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाई माधोपुर ।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई । जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गो की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थो का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई ।

## बडला बोरडा मे आयोजित हुआ संबल पखवाड़ा अभियान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटडी ।** भीलवाड़ा कोटडी उपखंड क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें शिविर प्रभारी द्वारा समस्याओं को सुनकर निस्तारण किए जा रहे हैं कोटड़ी तहसीलदार रामकिशोर मीणा ने बताया कि बडला में आयोजित शिविर में सीमा ज्ञान के 8 पत्थरगढ़ी 4 कुरेजात 3 रास्ता प्रकरण 2 आपसी सहमति का 1 चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में 105 रोगियों का पंजीकरण किया गया हरियालो राजस्थान के तहत 2000 पोधे सहित अन्य विभागों द्वारा भी कार्य किए गए वही बोरडा पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में नायब तहसीलदार भैरू लाल जाट शिविर प्रभारी ने शिविर में आई विभिन्न समस्याओं को सुनकर मोके पर ही निस्तारण किए गए शिविर में बोरडा पंचायत प्रशाशक देबी लाल बैरवा ग्राम विकास अधिकारी रामसिंह चोधरी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मोजूद रहे ।

## चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 ने दो बाल श्रमिक मुक्त करवायें

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 ने दो नाल श्रमिक मुक्त करतायें। चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 को जयपुर कन्ट्रोल रूम से सुचना मिली थी कि दो नाबालिग बालक एक कार वाशिग सेन्टर पर काम कर रहे है। सूचना पर मानव तस्करी यूनिट से कानि0 सजय कुमार, कानि0 लेखराज एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 से जिला समन्वयक रामनारायण गुर्जर एव काउन्सलर मजीत कोर एव केस वर्कर अर्चना मीणा मौके पर पहुँचे। बालकों को अपने सरक्षण में लेकर चाईल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में लाया गया जहा से श्रम विभाग बून्दी को सूचना दी गयी ।

श्रग विभाग से श्रम निरीक्षक रेणु परीडवाल के समक्ष बालकों से बात करने पर बालको ने बताया कि देवपुरा पेट्रोल के पास वही रह कर कार्य करते है। दोनों बालकों में से एक बालक 07 दिन में एक बार घर जाता है और एक बालक रोज घर जा रहा था। एक बालक सुबह 8 बजे दुकान खोलता था एवं रात 8 बजे बंद करता था। एक बालक को नियोक्ता 50,000 हजार एक साल के हिसाब सेबालक के पिता को नियोक्ता दे रहा था।

एक बालक को 300 रूपये रोज के हिसाब से दे रहा था। टीम 1098 ने सदर थाने से बालक की जानकारी रोजनामचा में इन्द्राज करना बाल कल्याण समिति में पेश किया। बालकों का राजकीय किशोर गृह में अस्थाई प्रवेश करवाया है। टीम 1098 के द्वारा नियोक्ता के विरूप बालश्रम अधिनियम 2016 एवं किशोर न्याय अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्राथमिक सूचना रिपोट दर्ज करवायी जा रही है ।

## एएसआई परशुराम रावल ने अपने नाम को किया चरितार्थ, मोहर्रम के दिन ताजिया के जुलूस में युवक को आया हार्ट अटैक एएसआई ने बचाई जान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां ।** बारां कोतवाली थाना पुलिस के एएसआई परशुराम रावल अपने बेहतर कार्य के लिए जाने जाते रहे हैं उन्होंने कई जटिल प्रकरणों में अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया है । हुआ यूं कि रविवार को शहर में मोहर्रम के ताजियों का जुलूस निकल रहा था अनेक जगह मातमी दोनों के साथ इमाम हुसैन की शहादत को याद किया जा रहा था, जुलूस के साथ अखाड़े में सम्मिलित युवक हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे, ऐसे में ताजियों के जुलूस के दौरान श्रीजी चौक में बबलू पुत्र अब्दुल रशीद को अचानक हार्ट अटैक की शिकायत हो गई, और वह मूर्छित अवस्था में गिर गया, जिसको देखते हुए जुलूस में शामिल लोगों में अपराध अपनी मच गई, लेकिन मौके पर तैनात कोतवाली थाना के एएसआई परशुराम रावल ने तत्काल अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बबलू को सीपीआर दिया, जिसके कारण उसकी जान बच गई । परशुराम द्वारा दिखाई गई मानवीय संवेदनाओं को देखते हुए जुलूस में शामिल सभी लोगों ने उनकी प्रशंसा की कथा कहा कि ऐसे व्यक्तियों को ईश्वर हमेशा हर भूमिका में अग्रणी रखता है। वहीं दूसरी ओर बबलू के परिजनों ने परशुराम रावल को धन्यवाद देते हुए कहा कि जैसा उनका नाम वैसा उन्होंने चरितार्थ करके भी बता दिया ।

## प्रभारी सचिव ने शिविर का किया निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सवाईमाधोपुर ।** सवाई माधोपुर जिला प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टी आज सवाई माधोपुर के दौरे पर रहे ,जहाँ उन्होंने पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे आदि वितरित किए। उन्होंने शिविर में मौजूद लोगो से संवाद कर शिविरों से अधिकाधिक लाभ उठाने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए। विशेष रूप से यूडीआईडी कार्ड के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण एवं दिव्यांगजनों की पेंशन सत्यापन हेतु ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने गांव में जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और अंतिम छोर तक स्वच्छ जल पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से पोषाहार वितरण एवं जिले में अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी की बात कहीं। इस दौरान प्रभारी सचिव ने श्रम विभाग को 90 दिन से अधिक कार्य करने वाले श्रमिकों का समन्वित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को बालिका छात्रावासों में समय-समय पर महिला चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने एवं पेंशन सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। प्रभारी सचिव ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से एनएफएसए व अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली, 45 लंबित प्रकरणों में से शेष 32 के सत्यापन को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओपीडी/आईपीडी में रोगी के नाम के साथ पता दर्ज कर मौसमी बीमारियों की निगरानी एवं जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन की बात कहीं ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी सचिव ने ग्राम पंचायत पचीपल्या स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, एसडीएम अनूस सिंह, विकास अधिकारी जगदीश मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह, सरपंच अंजु नारायणीया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन मौजूद रहे ।

## वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन ने 49 वा जन्मदिन अनेक सेवा कार्य कर हर्शोल्लास से मनाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन ने 49 वा जन्मदिन अनेक सेवा कार्य कर हर्शोल्लास से मनाया, उन्होंने कहा गौ सेवा करने से आत्मिक शांति मिलती है। वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन को अपने जन्म दिन पर बूंदी शहर की जनता का चोतरफा प्यार मिला, जन्म दिन पर शहर में सुबह से ही विभिन्न विभिन्न स्थानों पर केक काटे गए और भव्य आतिशबाजी की गई । टीकम जैन ने अपने जन्म दिन पर मान्धाता बालाजी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर चोला चढ़ाया। और आशिर्वाद लिया। गोशाला जाकर गो माता की पूजा अर्चना कर हरा चारा खिलाया, नैनवा रोड वृद्धाश्रम जाकर कुछ समय वृद्धजनो के साथ बिताया और उन्हें खाना खिलाया,ओर आशिर्वाद लिया । वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन ने कहा कि मेरे जन्मदिन पर जो स्नेह मुझे मित्रों ओर आमजनों ने दिया उनका में हमेंशा ऋ्णी रहूंगा ।

# नवीन विज्ञान केंद्र देगा धौलपुर की वैज्ञानिक चेतना को नया आगाज - डॉ. जितेंद्र सिंह

## केंद्रीय मंत्री ने किया विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर..विज्ञान केन्द्र के उद्घाटन के दौरान मंच पर मौजूद केन्द्रीय राज्य मंत्री जीतेन्द्र सिंह, प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व अन्य



» धौलपुर..उद्घाटन के दौरान उपस्थित जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा, पीएमओ डॉ. विजय सिंह व अन्य

**धौलपुर।** धौलपुर की ऐतिहासिक और प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध धरती पर विज्ञान और नवाचार की एक नई दिशा जुड़ी। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर में स्थित सूचना केंद्र में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सहयोग से स्थापित धौलपुर विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विज्ञान प्रयोगों को न केवल सराहा बल्कि विज्ञान के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझने और उन्हें दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जागरूकता का संदेश दिया। बाद में टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवाचार और विज्ञान का युग है। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में विज्ञान केंद्रों की स्थापना उसी सोच का विस्तार है, जिससे देश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक चेतना का विस्तार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत अब वैज्ञानिक नवाचारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चाहे वह चंद्रयान-3 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने की बात हो, या ग्रामीण नवाचारों की, भारत ने वैश्विक मंच पर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी दृढ़ उपस्थिति दर्ज कराई है।



» धौलपुर..विज्ञान केन्द्र की पट्टिका का उद्घाटन करते राज्य मंत्री जीतेन्द्र सिंह, प्रभारी मंत्री बेढ़म, जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी व अन्य

इस दौरान विद्यार्थियों ने केंद्रीय मंत्री से संवाद करते हुए विज्ञान में रुचि, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। छात्राओं ने सुझाव दिए कि राज्य के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार विज्ञान केंद्रों की स्थापना की जाए। बच्चों ने इसे अपने लिए अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि अब विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे उसे स्वयं प्रयोग कर सीख सकेंगे।

इस दौरान प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा विज्ञान की जानकारी जब बच्चों के पास पहुँचती है, तो वह केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती वह उनके जीवन के निर्णयों में झलकने लगती है। यह विज्ञान केंद्र हमारे युवाओं को तकनीकी और डिजिटल युग के साथ तालमेल बिठाने में सहायक सिद्ध होगा।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा संस्थान के निदेशक डॉ. देवाशीष मोहंती, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश एच. गोखले, तथा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. विजय शंकर शर्मा ने विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों और उपलब्धियों की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सभी गणमान्य अतिथियों और वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान केंद्र धौलपुर के लिए केवल एक संरचना नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चेतना की उड़ान का रनवे है। उन्होंने यह भी कहा कि अब धौलपुर की पहचान सिर्फ बागियों या बीहड़ों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह जिला प्राकृतिक पर्यटन, वैज्ञानिक सोच और सतत विकास की नई इबारत लिखेगा।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, पूर्व विधायक सुखराम कोली, गिर्राज सिंह मलिंगा, रानी सिलौटिया, भाजपा नेता इंदु जाटव, डॉ शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



» यूथ कांग्रेसियों को हिरासत में लेती पुलिस

### केंद्रीय मंत्री को यूथ कांग्रेस ने दिखाए काले झंडे

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मंगलवार को धौलपुर पहुंचे। मंत्री जब जगदीश चौराहे से गुजरे तभी यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता उनकी गाड़ियों के काफले के सामने आ गये और केंद्र सरकार की योजनाओं के विरोध में काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस प्रकार के विरोध प्रदर्शन को देख पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।



» धौलपुर..तीजे के जुलूस के दौरान निकलते अलम एवं इस दौरान भारी संख्या में जुलूस को देखने आये लोग

# ढोल नगाड़ों के साथ मुहर्रम की 12वीं को निकला तीजे का जुलूस



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाले मुहर्रम पर मंगलवार को तलैया मौहल्ले से तीजे के आयोजनकर्ता हाजी मशरुर अहमद ने तीजे का जुलूस रवाना किया, जो सारी रात जारी रहा। जुलूस के साथ बैंड बाजे एवं ढोल ताशे पर लोग मातमी धुन बजाते हुये चल रहे थे। जुलूस को देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार शाम को तलैया मौहल्ले में ताजिये, अलम, ढोल, नगाड़े, बैंड एकत्रित होने लगे और शाम होते ही भीड़ एकत्रित हो गयी। इसके बाद जुलूस को निकालना शुरु किया गया। जुलूस को देखने के लिये पहले से इंतजार कर रहे महिला, पुरुष, बच्चों से बाजार खचाखच हो रहे थे। बाजार में दुकानों एवं मकानों की छतें अटी पड़ी हुयी थीं। वहीं अलम व ताजियों पर लोग दुआं मांग रहे थे तथा श्रद्धालु द्वारा मनौती के रूप में नींबू चढ़ाये जा रहे थे। पुलिस प्रशासन ने माकूल व्यवस्था कर रखी थी तथा चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर रखा था। जिससे कोई अप्रिय घटना न घट सके। तीजे का जुलूस तलैया मौहल्ले से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ निकला। जिसमें मोदी तिराहा, दशहरा रोड, जगन तिराहा, सराय गजरा, निहालगंज तिराहा, पुराना डाकखाना, गड़रपुरा, ग्रांडिल, बजरिया, तोप चौराहा, होते हुए करबला पर पहुंच कर सपन्न हुआ।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर गोवर्धन परिक्रमा से लौट रहे 11 लोग घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धौलपुर की कोतवाली थाना क्षेत्र में सागर पाड़ा चेक पोस्ट के तेज रफ्तार ट्रक ने आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल गोवर्धन की परिक्रमा कर वापस लौट रहे थे।

जिला अस्पताल पहुंचे धौलपुर सीओ सिटी मुनेश कुमार मीणा ने बताया- ट्रैक्टर-ट्रॉली में मुरैना मध्य प्रदेश के अलग-अलग गांव के करीब 20 लोग सवार थे।

ये सभी लोग मुड़िया पूर्णिमां के मौके पर मथुरा स्थित गोवर्धन महाराज की परिक्रमा कर वापस घर लौट रहे थे। तभी सागर पाड़ा के पास पीछे से तेज रफ्तार से आते ट्रक में उनकी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी।



» धौलपुर.. अस्पताल में भर्ती घायल

हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस के साथ एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जहां से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा हैं।

# जलदाय विभाग कार्यालय परिसर से चोर चुरा ले गए 15 लाख के पाइप और जेसीबी बेकर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में भूमिगत पेयजल पाइप लाइन योजना के तहत शहरी पुनर्गठित पेयजल योजना में काम कर रही कंपनी का सामान जलदाय विभाग परिसर से चोरी होने का मामला सामने आया है। करीब 15 लाख रुपए के सामान को चोर चुरा कर ले गए है। ऐसे में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।



» धौलपुर.. जलदाय विभाग कार्यालय जहां से हुई चोरी

देव कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम चौधरी ने बताया कि जलदाय विभाग परिसर में सड़को पर डाले जाने वाले डीआई पाइप और जेसीबी मशीन रखी हुई थी। चोरों ने 42 डीआई पाइप 250 एमएम और जेसीबी मशीन का ब्रेकर चोरी किया है। चोरी की सूचना मिलने पर उन्होंने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। सारा सामान करीब 15 लाख रुपए की कीमत का है।कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर श्याम चौधरी का आरोप है कि जब से काम शुरू हुआ है लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। जिसको लेकर वे पूर्व में भी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उक्त घटना को लेकर भी उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दी है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस के टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

## चोरी गए लैपटॉप एलईडी समेत कई उपकरण बरामद



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में सरमथुरा थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी के प्रकरण में दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। सरमथुरा पुलिस थानाधिकारी ने बताया कि मामला 25 जनवरी 2025 का है। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल मडासिल के प्रिंसिपल ने स्कूल से सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने मडासिल निवासी आलोक और बरौली निवासी हरीमोहन मीना को बाड़ी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। दोनों से एक लैपटॉप, एक एलईडी, एक माइक, एक सेटअप बॉक्स, दो कैमरे और तीन लीड बरामद की गई हैं।पुलिस के अनुसार इस मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है। साथ ही दोनों आरोपियों से अन्य चोरी के मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।



# स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेशोउत्सव रैली का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जलालपुर के संयुक्त तत्वावधान में गांव जलालपुर मनियां में प्रवेशोउत्सव रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य लखन चंद्र अग्रवाल और जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद अशफाक खान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक प्रशिक्षक रामभरत बघेल और ब्लॉक मैनेजर नरसिंह पांडे द्वारा किया गया। इस रैली का उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना था। रैली में विद्यालय के लगभग 150 बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा पाऐ जैसे नारे लगाऐ। रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर पंचायत के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस आयोजन में अकादमिक प्रशिक्षक लायबा अहमद, अमिता मुदगल और शिक्षक नरहरि मिश्रा, उदय सिंह और समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।



» धौलपुर.. प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

**धौलपुर।** धौलपुर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रेल से शुरू होकर मंगलवार को सरमथुरा-1 सेक्टर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें जिला परियोजना अधिकारी, सीडीपीओ तथा पर्यवेक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ईसीसीई, व्यवहारिक गतिविधियां, शैक्षणिक अधिगम सामग्री का उपयोग, बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण, आत्मनिर्भरता जैसे विषयो पर जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में रोचक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सरमथुरा-1 सेक्टर में समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान रॉकेट लर्निंग के जिला कॉर्डिनेटर गायत्री किरार व विशाल गोस्वामी ने प्रशिक्षण दिया। महिला सुपरवाइजर जल देवी मीना उपस्थित रही।

# सचिव रेखा यादव ने स्टेट बैंक के अधिकारियों के साथ की बैठक



» धौलपुर.. बैठक लेतीं सचिव रेखा यादव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशानुसार 26 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव की अध्यक्षता में एडीआर परिसर में मुख्यालय के समस्त स्टेट बैंक के बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उपस्थित स्टेट बैंक के बैंक अधिकारियों से विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर विचार विमर्श किया गया तथा उपस्थित स्टेट बैंक के बैंक अधिकारियों को 26 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में प्री-काउन्सिलिंग, नोटिसों की तामील, राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के चिन्हित किये जाने, प्रचार-प्रसार तथा अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हित कर निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया तथा अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में धौलपुर मुख्यालय के स्टेट बैंक के बैंक अधिकारीगण मौजूद रहें।

# हज के लिए फॉर्म भरना शुरू

**धौलपुर।** भारत सरकार और केंद्रीय हज कमेटी द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरने की गाइडलाइन जारी कर दी गई है। जानकारी देते हुए हज कमेटी चेयरमैन हाजी अजमेरी उस्मानी ने बताया कि हज 2026 के फॉर्म 7 जुलाई से भरना शुरू हो गए हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। हज 2026 पर जाने वाले सभी हज यात्री अपने -अपने दस्तावेजों को सही कर समय से फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, ब्लडग्रुप और दो पासपोर्ट साइज फोटो होने चाहिए।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक **चन्द्रप्रकाश शिवहरे** के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार